राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 96 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



जंतर-मंतर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास किया।

# 'कांग्रेस को धारा 370 हटने का दर्द'

## शिक्षक भर्ती घोटाला में जो गरीबों के पैसे गए हैं, मैं उन्हें उन गरीबों को वापस करवाऊंगा: पीएम मोदी

**साधा निशाना**

**8 कंग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दर्द है। कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं है : पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सिलीगुड़ीः भाजपा** के दिग्गज नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं बंगाल की धरती से गारंटी देता हूं कि यहां शिक्षक भर्ती घोटाला में जो गरीबों के पैसे गए हैं, मैं उन्हें उन गरीबों को वापस करवाऊंगा। वह रविवार दोपहर बाद जलपाईगुड़ी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**मल्लिकार्जुन खरगे पर बरसे पीएम मोदीः** पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब देते हुए कहा कि कल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दर्द है। कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं है। इसके साथ ही पीएम ने तृणमूल कांग्रेस को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। ईडी के बाद एनआईए अधिकारियों पर हुए हमले की घटना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती हैं तो टीएमसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है। संदेशखाली में क्या हुआ, पूरा देश जान चुका है।

जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से पुनः भाजपा के उम्मीदवार बनाए गए सांसद डा. जयंत राय के समर्थन में उक्त जनसभा का आयोजन किया गया था। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने किसी भी तृणमूल कांग्रेस नेता, मंत्री या अन्य जनप्रतिनिधि का नाम लिए बगैर कहा,

ईडी ने करीब 3,000 करोड़ रुपये, संपत्ति आदि चीजें अटैच करके रखी हुई है। मैं एडवाइस ले रहा हूं। ये जो शिक्षक भर्ती में गरीब लोगों के पैसे गए। सरकारी नौकरियों में गरीबों के पैसे गए और जिनका पक्का मिलता है कि हां इनका पैसा गया, तो वो जो 3,000 करोड़ रुपये इनके अटैच किए न, मैं इन गरीबों को वापस करवाऊंगा।

### इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

**पीएम ने** आगे कहा कि तृणमूल कांग्रेस, वामदल और कांग्रेस सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। इन सबने एक-दूसरे के भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए ही इंडी गठबंधन बनाया है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार मिटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ।

वे चाहे जितनी साजिश कर लें, मैं आपको गारंटी देता हूं, चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी। यह मोदी की गारंटी है। इंडी गठबंधन वाले मोदी की गारंटी से डरने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के पास न नीति है न सिद्धांत। यह मोदी है, जो गारंटी देता है, वो हैं जो गाली देते हैं। आपको 19 अप्रैल को निडर होकर अपने बूथ पर कमल छाप पर वोट डालना है। इस चुनाव में उन्हें सबक सिखाना बहुत जरूरी है। एक-एक पोलिंग बूथ पर तृणमूल कांग्रेस की जमानत जब्त होनी चाहिए।

# खरगे ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार को घेरा



**साधा निशाना**

**8 मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है। खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "भारत के प्रमुख संस्थानों-आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं।" खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है।" उन्होंने कहा, "मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है। आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।" कांग्रेस नेता ने कहा, "2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!" उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे काम और सीखने को अलग करने वाली बाधाएं दूर होंगी।

### आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

### मन की बात



"संगति आप को 'चा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"

## अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीहरिकोटा:** चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था।

## 'सांप्रदायिक भावनाएं भड़का रही भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से कह रही हैं कि वे या तो भाजपा में शामिल हों या कार्रवाई का सामना करें। बनर्जी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा की शाखाओं की तरह काम कर रही हैं। पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने के लिए एनआईए, ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वे बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रहे हैं और घरों में घुस रहे है। जब सभी रात में अंधेरे में सो रहे होंगे, कोई उनके घर में घुस जाए तो महिलाएं क्या करेंगी? बनर्जी शनिवार को भूपतिनगर की घटना का जिक्र कर रही थीं, जहां एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एजेंसियां उनके नेताओं और कार्यकताओं से कह रही हैं कि या तो भाजपा में शामिल हों या कार्रवाई का सामना करें।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ 'सामूहिक उपवास'



**प्रदर्शन**

**8 आ की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को रिहा किया जाए।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रविवार को देशभर में सामूहिक उपवास किया। पार्टी के बड़े नेता दिल्ली के जंतर-मंतर पर सुबह उपवास के लिए पहुंचे। आम आदमी पार्टी की मांग है कि शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार हुए केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। उन्हें ईडी ने झूठे मुकदमे में फंसाया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि तानाशाही के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। आओ मिलकर देश के बेटे केजरीवाल के समर्थन में आवाज बुलंद करें। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आप ने 26 मार्च को भी देशभर में प्रदर्शन किया था। दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने भी निकले थे, लेकिन उन्हें रास्ते में रोककर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को आशीर्वाद कैंपेन शुरू किया। इसके दूसरे चरण में सामूहिक उपवास रखा गया है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी राज्यों भी आप कार्यकर्ता एकजुट हुए हैं।

**मंत्री आतिशी और मेयर शैली भी पहुंचीं:** दिल्ली के जंतर मंतर पर सुरक्षा को लेकर भी पुलिस मुस्तैद नजर आई।

## तेजस्वी ने पीएम मोदी से पूछे चुभते सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार-प्रसार का दौर शुरू हो गया है। एनडीए की ओर से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव मैदान में रैलियों के जरिये मोर्चा संभाल लिया है। दूसरी ओर, विपक्ष के खेमे में बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व अन्य कई नेता मैदान में उतर गए हैं। प्रधानमंत्री की इस रैली के पूर्व नेता



प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भ्रष्टाचार के मसले पर प्रधानमंत्री पर जोरदार हमला बोला है। **तेजस्वी ने अपनी पोस्ट में क्या कुछ लिखाः** तेजस्वी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि इंस्टीटयूशनल, आगेर्नाइज्ड और सिस्टमेटिक करप्शन यानी भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए विपक्ष और विपक्षी नेताओं को भ्रष्टाचारी तथा घोटालेबाज क्यों बताते हैं।

रैली में उन्हें बताना चाहिए कि विपक्ष के सभी कथित भ्रष्टाचारी नेताओं ने सीबीआइ, ईडी, आइटी की मदद से कैसे भाजपा की सदस्यता ली।

## विवि को नई ऊंचाई देने में गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी अब बंटाएंगे हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विश्वविद्यालयों में किसी भी छात्र के दाखिला लेने के दौरान उसका सामना सबसे पहले उन गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों से होता है, जिनका छात्र की पढ़ाई से कोई सीधा वास्ता नहीं होता है, लेकिन उनका बात-व्यवहार और दक्षता छात्र के मन में संस्थान को लेकर नई छवि गढ़ता है।

**गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षणः** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाने में जुटे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने फिलहाल इस





दिशा में एक बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालयों में काम करने सभी गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को क्षमता निर्माण से जुड़ा एक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसका उन्हें प्रमाण-पत्र भी मिलेगा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसको पदोन्नति और वेतन-वृद्धि आदि से भी जोड़ दिया जाएगा।

# ..तो राहुल को हट जाना चाहिएः प्रशांत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं। किशोर ने कहा, "मेरे अनुसार यह भी अलोकतांत्रिक है।" किशोर ने



कहा, "जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए।" अपने पति राजीव गांधी की हत्या के बाद राजनीति से दूर रहने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को कार्यभार संभालने के सोनिया गांधी के फैसले को याद करते हुए उन्होंने कहा, "आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था।" उन्होंने कहा, "दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।" किशोर ने कहा, "राहुल गांधी को ऐसा लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं। अगर आप मदद की जरूरत को नहीं पहचानते तो कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। उनका मानना है कि उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उन्हें जो सही लगता है उसे क्रियान्वित कर सके।

## बंगालः एनआईए के खिलाफ केसा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है। इस बीच गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की।

# एआई-मशीन के जरिए पता चलेगा मौसम का ताजा हाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मौसम के हालात पर अब आर्टिफिशियल एजेंसी के तहत नजर रखी जाएगी। मौसम के बेहतर पूर्वानुमान में अक और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि आने वाले वर्षों में पूर्वानुमानों में सुधार के लिए इसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा।

**स्पेशल टीम की गई गठितः** डीजी महापात्र ने कहा कि इस एआई-आधारित टूल के विकास का नेतृत्व करने के लिए आईएमडी और पृथ्वी



विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) की एक विशेषज्ञ टीम तैयार की गई है। एआई और मशीन लर्निंग में उनकी विशेषज्ञता का उपयोग करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग स्थापित किया गया है।

**तकनीक**

**8 आने वाले वर्षों में पूर्वानुमानों में सुधार के लिए इसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जाएगा : मृत्युंजय**

**2-3 सालों में होगा विस्तारः** आईएमडी महानिदेशक ने कहा, 'आईएमडी मौसम पूर्वानुमान के लिए एआई-आधारित उपकरण के विकास पर काम कर रहा है। इस उद्देश्य के लिए, विशेषज्ञों की एक टीम बनाई गई है। इसके अलावा आईएमडी एआई आधारित उपकरणों के विकास के लिए आईआईटी आदि जैसे विभिन्न संस्थानों के साथ भी सहयोग कर रहा है। आईएमडी ने एआई टूल का मामूली उपयोग शुरू कर दिया है, लेकिन 2-3 वर्षों में इसका विस्तार होगा।' विशेषज्ञों ने कहा कि मौसम विभाग की पहल से पूर्वानुमान के तरीकों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिससे देश को अधिक सटीक और समय पर मौसम पूर्वानुमान उपलब्ध होंगे।

## पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगाः एमके स्टालिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुडुचेरीः** डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में आता है तो पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा। बता दें, कांग्रेस उम्मीदवार और मौजूदा सांसद वी वैथिलिंगम के लिए समर्थन मांगते हुए स्टालिन यहां एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस पुडुचेरी को पूर्ण राज्य बनाने को लेकर दृढ़ हैं।

**रंगासामी केंद्र के हाथों की कठपुतलीः** सीएम स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया कि पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी केंद्र के हाथों की कठपुतली हैं। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि न केवल तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों के अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए, बल्कि पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारों की भी रक्षा की जानी चाहिए।'

**हमला बोला** विपक्षी दल भारत के मूल विचार को नहीं समझ रहा है, इसके लिए कांग्रेस की इतालवी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए

# जम्मू-कश्मीर पर हर राज्य और नागरिक का अधिकारः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 हटाने को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। खरगे ने अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए सत्तारूढ़ दल पर तंज कसा था। इस पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा कि विपक्षी दल भारत के मूल विचार (आइडिया ऑफ इंडिया) को नहीं समझ रहा है। इसके लिए कांग्रेस की इतालवी संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। गृह मंत्री शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य



नेताओं ने एक्स पर खरगे के भाषण का एक वीडियो क्लिप साझा किया। इसमें अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा राजस्थान में उठाने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष को सत्तारूढ़ भाजपा पर तंज कसते हुए सुना जा सकता है। वीडियो क्लिप में खरगे कह रहे हैं- अरे भाई, यहां के लोगों से क्या वास्ता है? खरगे ने गलती से अनुच्छेद 370 को अनुच्छेद 371 भी कह दिया।

**बरसे शाह**

**8 यह मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है, जो भारत के विचार को नहीं समझने के लिए दोषी है।**

**कांग्रेस अध्यक्ष पर बरसे शाहः** कांग्रेस अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, खरगे ने जो कहा, उसे सुनना शर्मनाक है। उन्होंने विपक्षी पार्टी को याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इस पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है।

**'कांग्रेस को जवाब देगी जनताः** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। गृह मंत्री ने कहा, यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। यह मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है, जो भारत के विचार को नहीं समझने के लिए दोषी है।

# आईएनएस शारदा जहाज हुआ सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कोच्चि** में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त



कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया। भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया।

**अभियान**

**8 हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखी**

नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं।

# बहुमत ही नहीं नजरों से भी गिर गई है सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

पत्रकारवार्ता

**8 कांग्रेस के बागीविधायकों को उकसाकर प्रतिभा और विक्रमादित्य सिंह ने लिया यू-टर्न**




**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रविवार को मंडी में संसदीय क्षेत्र मीडिया सेंटर का शुभारंभ करने के बाद पत्रकारवार्ता में एक के बाद एक कांग्रेस पर ताबरतोड हमले किए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सुक्खू सरकार न केवल बहुमत से गिर चुकी है बल्कि लोगों की नज ?ों से भी उत्तर चुकी है। ऐसे में हिमाचल में उपजे इस राजनीतिक हालात के लिए भाजपा को दोष देना कांग्रेस नेता बंद करें और मैं बड़ा स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इसके लिए कोई कसूरवार है तो स्वयं मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खु हैं। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि वे पल पल पलटुराम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के बागी विधायकों को उकसाने में प्रतिभा सिंह और विक्रमादित्य सिंह की भूमिका अहम थी लेकिन विधायकों को उकसाने के बाद खुद दोनों ने यू.टर्न ले लिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रतिभा और विक्रमादित्य सिंह की भूमिका के बारे में वे कभी बाद में और विस्तार से बात भी करेंगे और खुलासा भी लेकिन दोनों ने सीएम सुक्खू और अपनी ही सरकार के बारे में जो कुछ कहा उसी से विधायक आक्रोषित हुए। उन्होंने कहा कि अब विक्रमादित्य सिंह को पलटू राम के नहीं बल्कि ष्पल पल पलटूरामष के नाम से पहचाना जाने लगा है। वो अपने हर बयान से पलट जाते हैं। यदि वो चुनावी मैदान में उतरते हैं तो फिर विस्तार से बातें होंगी। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की तरफ से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ बीफ को लेकर की जा रही टिप्पणीयों पर बोलते हुए कहा कि इस विषय पर कंगना रनौत पहले ही स्पष्टीकरण दे चुकी है लेकिन कांग्रेस इसका दुष्प्रचार करने में जुटी हुई है। पार्टी ने सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ही कंगना को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया है जोकि कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कांग्रेस इसे इसी तरह मुद्दा बनाती रही तो फिर इसकी चुनाव आयोग में शिकायत की जाएगी। जयराम ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर भी जमकर जुबानी हमले बोले। उन्होंने कहा कि आज हालत यह हो गए हैं कि विधायक सरकार को छोडकर जा रहे हैं जबकि मौजूदा सांसद चुनाव लड? से इनकार कर रही है। लेकिन इन सबके बीच भाजपा को दोषी ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सरकार जनता की नजरों और बहुमत के हिसाब से गिर चुकी है। सीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी माह कोर्ट में सुनवाई के लिए सीपीएस की नियुक्ति को लेकर फैसला आने वाला है।

# यह सुनना शर्मनाक है कि कांग्रेस पार्टी पूछ रही है, कश्मीर से क्या वास्ता: अमित शाह



**चमन शर्मा**

**शिमला:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की कश्मीर से क्या वास्ता है टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है।

अमित शाह ने कहा, यह सुनना शर्मनाक है कि कांग्रेस पार्टी पूछ रही है, कश्मीर से क्या वास्ता है। मैं कांग्रेस पार्टी को याद दिलाना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और प्रत्येक राज्य और नागरिक का जम्मू-कश्मीर पर अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का शेष भारत पर अधिकार है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस को यह नहीं पता कि कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए राजस्थान के कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। शाह ने आगे कहा, लेकिन यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। भारत के विचार को न समझ पाने के लिए ज्यादातर कांग्रेस पार्टी की इटालियन संस्कृति दोषी है। इस तरह के बयानों से हर देशभक्त नागरिक को ठेस पहुंचती है जो इसकी परवाह करता है। देश की एकता और अखंडता के लिए जनता निश्चित तौर पर कांग्रेस को जवाब देगी और आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मोदी सरकार ने धारा 371 को नहीं बल्कि धारा 370 को हटाया है, लेकिन कांग्रेस से यही अपेक्षा है। कांग्रेस द्वारा की गई ऐसी गलतियों ने देश को दशकों से परेशान किया है।

हाल ही में, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने जम्मू-कश्मीर को लेकर बयान देते हुए पूछा था कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान में जम्मू-कश्मीर की बात क्यों कर रहे हैं। उन्होंने यह भी पूछा, कश्मीर से क्या वास्ता है? भाजपा महामंत्री की बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह बिल्कुल ठीक कह रहे हैं, कांग्रेस की मानसिकता क्या है वह जनता जानती है। अगर जम्मू कश्मीर में समस्या बड़ी थी तो वह कांग्रेस पार्टी के नेताओं की देन थी और आज जब वहां समस्या का समाधान हुआ है तो वह भाजपा की केंद्र शासित सरकार की वजह से हुआ है। कांग्रेस पार्टी केवल मात्र राजनीति के लिए राजनीति करना जानती है पर देशभक्ति के लिए नहीं।

## न्यूज फ्लैश

### चेक बाउंस के आरोपी को एक साल का कारावास

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** चेक बाउंस का अभियोग साबित होने पर अदालत ने एक आरोपी को एक साल के साधारण कारावास और 32 लाख रुपए हजार्ने का फैसला सुनाया है। आरोपी द्वारा हजार्ना राशि निश्चित समय में अदा न करने पर उसे 60 दिनों के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुतनी होगी। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर तीन के न्यायलय ने टारना हिल निवासी मोहन सिंह ठाकुर पुत्र अच्छर सिंह की शिकायत पर निगोशि, बल इन्सट्रुमेंट अधिनियम की धारा 138 के तहत चलाए गए अभियोग के साबित होने पर बल्ह तहसील के गुटकर स्थित मौसर्ज सुप्रीम टायरस के मालिक सुखविंद सिंह पुत्र दर्शन सिंह को उक्त कारावास और हर्जा ने की सजा सुनाई है। अधिवक्ता कैलाश बहल के माध्यम से अदालत में दायर शिकायत के अनुसानुसार आरोपी ने शिकायतकर्ता की विधिक देनदारी अदा करने के लिए 13 सितंबर 2017 को दस-दस लाख रुपए के दो चेक जारी किये थे। शिकायतकर्ता ने जब चेकों को भुगतान के लिए लगाया तो आरोपी के खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण यह बाउंस हो गये थे। जिस पर शिकायतकर्ता ने आरोपी को कानूनी नोटिस भेज कर राशि की मांग की थी। लेकिन इसके बावजूद राशि अदा न करने पर शिकायतकर्ता ने अदालत में शिकायत दर्ज करवाई थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि शिकायतकर्ता की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य और दस्तावेजों से आरोपी पर विधिक देनदारी के लिए चेक जारी करने और इनके बाउंस होने का अभियोग साबित हुआ है। जिसके चलते अदालत ने आरोपी को उक्त कारावास और हजार्ना अदा करने का फैसला सुनाया है।

दुकान के गोदाम में युवती से मारपीट, गलत टच का आरोप

-शिकायत के बाद तीन के खिलाफ मामला दर्ज

राजन पुरी

ऊनाः जिला मुख्यालय के साथ लगते एक गांव स्थित एक दुकान के गोदाम में कार्यरत्त युवती के साथ मारपीट हुई है। युवती मामले को लेकर पुलिस के पास शिकायत दी है। साथ ही गलत टच करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि शुक्रवार को अपनी दुकान में मौजूद थी, तो दो युवक आए। युवकों ने गद्दे और.बैड दिखाने के लिए बोला, जिस जब गोदाम की ओर ले गई, तो इतनी देर में एक और युवक आ गया और गालियां निकालने लगा। घबरा कर ऑफिस की तरफ भागी, तो पीछा करते हुए उधर भी आ गया और मुंह पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं थप्पड़ मारने के साथ-साथ गलत टच भी किया। मारपीट में मेरे मुंह पर चोट पहुंची है। मामले को लेकर युवती ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस की 1500 की गारंटी अब हुई अलविदा: वंदना

**राजन पुरी**

**ऊना:** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने रविवार को ऊना से जारी ब्यान में कहा कि सुक्खू भाई ने केवल हिमाचल प्रदेश की महिलाओं को ठगा है। हिमाचल प्रदेश की 27 लाख महिलाएं अपने आप को केवल मात्र ठगा महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री ने केवल मात्र जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। रोना रोने वाली इस सरकार ने 1 साल में 14000 करोड़ का ऋण ले लिया और अब ठन ठन गोपाल होकर केवल मात्र दोषारोपण का कार्य कर रही है। वंदना योगी ने कहा कि जब कांग्रेस विधानसभा का चुनाव लड़ रही थी, तो इनके राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी और प्रदेश के नेता सुक्खू, अग्निहोत्री, सुंदर सिंह, नंद लाल, विक्रमादित्य, राजीव शुक्ला, भागेल, अवस्थी, विनय सभी ने कहा था कि अगर घर पर एक महिला होगी, तो हर महीने उनके खाते में 1500 मिलेंगे, दो तो 3000, 3 तो 4500 और 4 तो 6000 मिलेंगे। अब तो इन सभी नेताओं की हवा गुल हो गई है। कांग्रेस सरकार के समय देवभूमि में महिला सुरक्षा का मुद्दा जैसे गौण है। पुलिस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में महिला अपराध के आंकड़े बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके नेता हिमाचल प्रदेश में मारधाड़ बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और उनके बयान तो ऐसे होते हैं जैसे अभी दंगे करवा देंगे।

# सेरी मंच पर मनाया जाएगा नव वर्ष उत्सव

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** धर्म संघ श्री भूतनाथ मन्दिर मण्डी हिन्दू नववर्ष महोत्सव का आयोजन ऐतिहासिक सेरी मंच पर किया जा रहा है। यह जानकारी भीम चन्द सरोच अध्यक्ष धर्म संघ श्री भूतनाथ मन्दिर ने दी। उन्होंने कहा कि हिंदू नववर्ष की शुरूआत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस बार हिंदू नववर्ष (विक्रमी सम्वत 2081) 09 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहा है।

यह मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस वर्ष विशेष यह है कि नववर्ष का आरम्भ दो शुभ योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग से हो रहा है एवं इस दिवस पर रेवती और अश्विनी नक्षत्र भी रहेंगे। ये दोनों योग 09 अप्रैल को सुबह 07:32 से प्रारंभ होकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 05:06 बजे तक रहेंगे।धर्म संघ द्वारा, सेरी मंच पर आयोजित, नव संवत्सर कार्यक्रम का शुभारंभ 09 अप्रैल 24 को प्रातः 10 बजे श्री गणेश पूजा एवं स्थापना से होगा तदोपरांत हवन यज्ञ प्रारम्भ होगा और लगभग 11 बजे तक पूर्ण आहुति होगी। नवरात्रि प्रारम्भ होने की पृष्ठभूमि में, कन्याओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किए जायेंगे तथा स्वस्ति वाचन एवं सरस्वती वन्दना होगी।

# उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा पर साधा निशाना

बैठक

**8 कांग्रेस भवन नाहन में संपन्न हुई कमेटी की बैठक, बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान रहे मौजूद**



**एसपी जैरथ**

**नाहन**ःउद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान एक बार फिर भाजपा पर हमलावर हुए है सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में आज लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक के बाद हर्षवर्धन चौहान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बैठक में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार खास तौर पर मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रदेश सरकार को अस्थिर करने और मिशन लोटस को लेकर लगातार प्रयास किए गए। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों को लालच देकर बीजेपी में शामिल किया है और अब उपचुनाव में उन उम्मीदवारों को फि र मैदान में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इसका न्याय अवश्य करेगी और कांग्रेस पार्टी एक बार फि र से 6 विधानसभा और चार लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस छोटे से कार्यकाल के दौरान प्रदेश पर बहुत बड़ी आपदा आई जिसके चलते प्रदेश को 10 हजार करोड़ से भी अधिक का नुकसान हुआ। वहीं दूसरी तरफ जो प्रदेश में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है उसके बावजूद भी प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने में सूक्खु सरकार कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता से जो वादे किए थे उनमें से अधिकतर पूरे कर दिए हैं उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रदेश की सभी महिलाओं को वादे के मुताबिक रू 1500 की राशि दी जाएगी। इन सभी उपलब्धियां और योजनाओं के बारे में कार्यकताओं को जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

# आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल के समर्थन में देशव्यापी सामूहिक उपवास रखा



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** पूरे भारतवर्ष में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरुद्ध और बीजेपी के खिलाफ जो संविधान को खत्म करके और लोकतंत्र की हत्या कर शासन चला रहे हैं के विरुद्ध सामूहिक उपवास रखा गया है इसलिए हमीरपुर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सामूहिक रूप से उपवास में भाग लेते हुए। आम आदमी पार्टी के अमरचंद शर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा की केंद्र की मोदी सरकार ने एड को कठपुतली बनकर राजनीतिक साजिश के तहत झूठे केस की जांच के नाम पर पी डब्ल्यू एल ए कानून का दुरुपयोग करके आम आदमी पार्टी के नेताओं को फर्जी गिरफ्तार कर किया है। मोदी की तानाशाही सत्ता के लालच में संविधान की अब मानना और लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश और कोशिश कर रही है केंद्र की भाजपा सरकार ने राजनीतिक साजिश के द्वारा अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में झूठे केस के आधार पर फ र्जी गिरफ्तार किया है मोदी की तानाशाही के खिलाफ अकेले अरविंद केजरीवाल मजबूती के साथ देश के लिए लोकतंत्र और सब संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### बिजली बोर्ड कर्मी की करंट लगने से मौत

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला में रोनहाट के तहत ट्रांसफ र्मर में फ्यूज लगा रहे एक बिजली बोर्ड के कर्मी की झुलसने से मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक लाइनमैन जगत सिंह पुत्र लगनू राम निवासी गांव पनोग, तहसील शिलाई, कोनला च्योग में ट्रांसफार्मर पर फ्यूज लगा रहा था। इस दौरान अचानक ही कर्मी को करंट का जोरदार झटका लगा। लाइनमैन की मौके पर ही मौत हो गई। शिलाई के थाना प्रभारी प्रीतम ने बताया कि पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाया और शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

# मान की हानि तो देवभूमि हिमाचल की हुई है इन भगोड़े नेताओं की वजह सेः डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर**ःहमीरपुर विधानसभा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा जो के लगातार जन जागरण अभियान चलाए हुए हैं उन्होंने पिछले दो दिनों में ग्राम पंचायत साहनवीं के जलगांव में ग्राम पंचायत दरूही, ग्राम पंचायत जंगल रोपा के हार गांव में व ग्राम पंचायत बफडीं के कोहीं गांव में भिन्न नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा मुख्यमंत्री हमारा स्वाभिमान है और न केवल हमीरपुर की शान है बल्कि पूरे प्रदेश का मान हैं। उन्होंने हिमाचल के नाम को हमेशा इस देश के अंदर ऊंचा किया है। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके 14 महीने के कार्यकाल में उन्होंने ऐसे ऐसे निर्णय लिए जिनका स्वागत न केवल कांग्रेसियों ने बल्कि भाजपा के बड़े नेताओं ने किया और साथ में उनके फैसलों को भारत के नीति आयोग और विश्व के वर्ल्ड बैंक ने सराहा है। आपदा के समय में मुख्यमंत्री हर एक हिमाचली के साथ उनके परिवार का सदस्य बनकर खड़े रहे जगह-जगह खुद दौरा किया शरणार्थी शिविरों में पहुंचे, शरणार्थियों के साथ खाना खाया उनका दुख बांटा और सरकार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद और केंद्र सरकार की विमुखता के बावजूद मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुखु ने 4500 करोड रुपए का आपदा राहत पैकेज प्रदेश की जनता को दिया। इस आपदा का मुख्य कारण रहे खनन माफिया पर नकेल कसते हुए माननीय मुख्यमंत्री ने सभी क्रेशरों को बंद किया और उसके बाद एक नई खनन नीति लेकर आए जिसके कारण चंद धोखेबाज नेता प्रदेश सरकार को अस्थिर करना चाह रहे थे यह इस खनन माफिया से जुड़े हुए लोग थे और जिनको माननीय मुख्यमंत्री की ईमानदारी और पारदर्शिता पसंद नहीं आ रही थी।

# शत-प्रतिशत है आईआईएम सिरमौर का प्लेसमेंटः अजय



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर का आठवां दीक्षांत समारोह धौलाकुआं स्थित स्थायी परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पुष्प कुमार जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संचालक मंडल के अध्यक्ष अजय एस. श्रीराम ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अजय ने संस्थान की कई उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय है कि दीक्षांत समारोह पहली बार स्थायी परिसर में आयोजित किया जा रहा है जो जल्द ही देश के सबसे सुरम्य एवं सस्टेनेबल परिसरों में से एक होगा। संस्थान आगामी शैक्षणिक वर्ष में स्थायी परिसर से संचालन शुरू कर देगा। उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़े रुझानों और भारत के तेजी से बदलते और सहायक नियामक वातावरण पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें चिप, रक्षा और खनन सहित प्रमुख क्षेत्र बढ़ रहे हैं। उन्होंने संस्थान के विकास में निदेशक और संचालक मंडल के सदस्यों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रफु ल्ल अग्निहोत्री ने संस्थान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने पिछले शैक्षणिक वर्ष में संकाय, कर्मचारियों और छात्रों द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि स्थायी परिसर का 85 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है।

# परवाणू में मिनी मैराथन का आयोजन, हर आयु वर्ग के लोगों ने लिया भाग



**विमल ग्रोवर**

**परवाणू।** रविवार को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित की गयी इस मिनी मैराथन में परवाणू के लोग खूब दौड़े। सभी आयु वर्ग के लोगो में मैराथन के प्रति खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान नगर परिषद परवाणू की अध्यक्ष मोनिशा शर्मा बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रही, साथ में परवाणू नगर परिषद उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, पूर्व नप अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर दास शर्मा, पार्षद ठाकुर रणजीत सिंह बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर लॉयन्स क्लब गोल्ड के अध्यक्ष तरुण गर्ग, सचिव नरेश शर्मा, दिनेश आजाद, रामा गुप्ता, शुभम गर्ग, तरुण अग्रवाल, रोहित गोयल, रोहित वेद, सुरेंद्र कोबरा, रोहित सिंगला, संजय जमवाल, अंकुर खेड़ा, परवीन शर्मा, सोहन राजपूत व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। मैराथन में परवाणू नगर व आस पास के क्षेत्रों से आए सैंकड़ो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मैराथन को मुख्य अतिथि मोनिशा शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। विभिन्न आयुवर्ग की यह मैराथन दौड़ परवाणू सेक्टर एक स्थित नगर परिषद पार्क से सुबह 6:30 बजे के क ?ीब शुरू हुईं, जोकि कसौली रोड, सेक्टर एक, बिजली बोर्ड से होते हुए दोबारा नप पार्क में आकर समाप्त हुई। इस बीच जगह जगह पर छोटे बड़े स्टॉल लगाए गए। सभी प्रतिभागियों के लिए पानी, जूस, दवाई, एम्बुलेंस जैसे आवश्यक चीजों की व्यवस्था की गई थी। लॉयन्स क्लब गोल्ड द्वारा मिनी मैराथन में सभी उम्र के प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।लॉयन्स क्लब गोल्ड के अध्यक्ष तरुण गर्ग ने कहा की हमें उम्मीद नहीं थी की क्लब द्वारा आयोजित मिनी मेराथन में इतने प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने लॉयन्स क्लब गोल्ड की टीम का सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। तरुण गर्ग ने परवाणु पुलिस प्रशासन ईएसआई अस्पताल के सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद करते हुए कहा की बिना प्रशासन के इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित करना मुश्किल होता। मुख्य अतिथि मोनिशा शर्मा ने समाज सेवकों की सराहना करते हुए कहा की ऐसे कार्यक्रमों से समाज में अच्छा सन्देश जाता है। उन्होंने युवाओ से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व नशो से दूर रहने को कहा। उधर, पूर्व नप अध्यक्ष ठाकुर दास शर्मा व वर्तमान उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने कहा की देश के यूथ को नशे से बचाने के लिए इस प्रकार के खेलों का समय समय पर आयोजन होना चाहिए।

# चुराह विधानसभा के दूरस्थ मतदान केंद्र ज्यूरी में आयोजित हुआ मतदान



**हामिद**

**चंबा:** एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चुराह शशी पाल शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर मिशन 414 के तहत विधानसभा क्षेत्र चुराह के दूरस्थ मतदान केंद्र 67-ज्यूरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शशी पाल शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान जनजातीय वर्ग से संबंधित घुमंतू गुर्जर समुदाय को मतदान के महत्व को लेकर जानकारी प्रदान की तथा उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित करते हुए उनसे मतदान करने का आग्रह भी किया गया। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी तथा आकर्षक बनाने के लिए बहुआयामी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में खेलकूद प्रतिस्पधाएं, रस्सा-कशी प्रतियोगिता तथा महिला वर्ग के लिए विशेष तौर पर म्यूजिकल चेयर रेस, खाना पकाने की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। मतदाता जागरूकता का प्रभावी संदेश देने के लिए सिग्नेचर वॉल पर ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ मतदान करने की शपथ भी ली गई।

# भाजपा भारत को शक्तिशाली राष्ट्र और अंतिम पायदन पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए पार्टीः डा. बिंदल

**स्थापना दिवस**

**8 कभी 2 सांसदों वाली पार्टी आज 303 सांसदो तक पहुंची और 370 सांसदों वाली पार्टी बनने जा रही है**



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा का नहान आगमन पर स्वागत करते हुए कहा की 6 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज पूरे देशभर में हर बूथ पर मनाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी सभी 7990 बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी भारत को शक्तिशाली राष्ट्र, समृद्ध राष्ट्र, अपने सांस्कृतिक मूल्यों पर चलने वाला राष्ट्र और देश के हर व्यक्ति, विशेषकर अंतिम पायदन पर बैठे व्यक्ति के विकास को लेकर चलने वाली पार्टी है। 1980 से लेकर 2024 तक 44 वर्ष के इस सफर में बहुत बड़ी उपलब्धियां पार्टी ने हासिल की। कभी 2 सांसदों वाली पार्टी आज 303 सांसदो तक पहुंची और इस वर्ष 370 सांसदों वाली पार्टी बनने जा रही है। 20 राज्यों में सरकारे बनाते हुए राष्ट्र निर्माण के लक्ष्यों को पूरा करने में पार्टी जुटी हुई है। 44 वर्ष के इस सफर में सदस्यता के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा बनी है जिसके नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को ख्याति दिलाई है। भाजपा ने जहां 500 वर्ष के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई, धारा 370 हटाने का लक्ष्य प्राप्त किया वहीं देश की आजादी के लिए लड? वाले महान वीरों के बलिदानों को जन समाज में प्रदर्शित किया।

छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज, छत्रसाल, झांसी की रानी, सरकार वल्लभ भाई पटेल, नेता सुभाष चंद्र बोस, वीर सावरकर जैसे हजारों बलिदानियों के बलिदान को इतिहास ने प्रथम स्थान पर प्रस्तुत किया और यह क्रम जारी है। कांग्रेस पार्टी जो भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी जिस पार्टी ने देश को आजादी दिलाने का सारा श्रेय अपने सिर पर लिया, 450 से ज्यादा सांसदों वाली पार्टी 40 सांसदों पर पहुंच गई और 2024 में इससे भी नीचे जाने वाली है। कारण है, परिवारवाद, व्यक्तिवाद, राष्ट्र की अवहेलना, देश की अवहेलना, देश के मान बिन्दुओं की अवहेलना। आज समय है इस बात को विचार करने का कि श्री नेहरू-गांधी परिवार ने देश को क्या दिया।

# केलांग में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

**स्थापना दिवस**

**8 इस स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को भी याद किया गया।**



**श्याम कुल्वी**

जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला भाजपा के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। तो वहीं इस स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को भी याद किया गया। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर भी उपस्थित रहे और भाजपा के विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार रवि ठाकुर ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। वहीं भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि आज देश को सिर्फ भाजपा पर ही भरोसा है और आम जनता कांग्रेस के छलावे को समझ चुकी है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और देश भर में कांग्रेस के माहौल के बीच भारतीय जनता पार्टी का सफ र आसान नहीं था। भाजपा के वरिष्ठ नेता दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से आगे बढ़ी पार्टी ने आज वो फतह हासिल कर ली है जो कि अपने आप में एक अलग इतिहास बनाती है। आज भाजपा देश के अधिकतर राज्यों में काबिज है, तो दुनिया की सबसे ज्यादा सदस्य वाली पार्टी का तमगा भी उसके नाम है। पार्टी के शुरूआती दौर के सफर को स्व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आगे बढाया। जिसके बाद वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की बुलंद आवाज ने पार्टी को मजबूती दी। उन्होंने कहा भाजपा सबका साथ-सबका विकास.सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षण संस्थानों में चलाई जाएंगी स्वीप गतिविधियां :कुलबीर सिंह राणा



**हामिद**

**चंबाः** एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं मुख्य अध्यापकों के साथ आज लघु सचिवालय पट्टी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए उन्होंने हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एक विस्तृत स्वीप योजना को तैयार किया गया है तथा जल्द सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रभारियों के साथ इसे साझा किया जाएगा। बैठक में मुख्यता रैली, डीबेट, पोस्टर मेकिंग, मतदाता निमंत्रण पत्र, भाषण इत्यादि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया।उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में प्रोजेक्टर उपलब्ध हैं वह अपने स्कूलों में प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम भी बच्चों को दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिशन-414 के तहत व मिशन 22 गोइंग टू 72 के तहत चिन्हित किए गए मतदान केन्द्रों में विशेष प्राथमिकता रखी जाए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार निर्वाचन सुनील शर्मा एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं मुख्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### देश के समुचित विकास के लिए मतदान जरूरी : गुंजित चीमा



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** उप मंडल पांवटा साहिब के सहायक निर्वाचन अधिकारी गुंजित सिंह चीमा के निर्देशन में निर्वाचन स्वीप टीम ने बढ़ाना पंचायत के मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम को जोगिंदर शर्मा ने मतदान पर स्वरचित कविता, चुनाव में मतदान मतदान करों, देश का नवनिर्माण करो, सुनाकर किया। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से समझाया।

खंड समन्वयक रुखसाना ने संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। पांवटा साहिब निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर धनवीर चौहान ने व्यवस्थित मतदान के लिए मतदाताओं को शिक्षित किया और मतदान में सहभागिता के लिए प्रेरित करने के बाद मतदान के लिए शपथ दिलाई। जिला सिरमौर निर्वाचन आइकॉन जीवन प्रकाश जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि चुनाव हमारा राष्ट्रीय पर्व है, इस पर्व को मतदाताओं की सहभागिता से मनाने से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है।इस अवसर पर ग्रामीण सुंदर सिंह जी ने हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता पर एक मधुर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जीवन प्रकाश जोशी, धनवीर चौहान, जोगिंदर शर्मा, रुखसाना, रामलाल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# बद्धाघाट के हस्तबली सिद्ध चानों मंदिर में 12 को धाजा व 13 को भंडारा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** विकास खंड घुमारवीं की कसारू पंचायत के गांव बद्धाघाट के हस्तबली सिद्ध चानों मंदिर परिसर में लोगों के सहयोग से 12 अप्रैल को धाजा तथा 13 अप्रैल को अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी कुलदीप ने बताया कि मंदिर में हर साल 12 अप्रैल को धाजा व 13 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस धाजा व भंडारे में लोग अपना भरपूर सहयोग देते हैं। इस साल मंदिर परिसर में धाजा व भंडारा 20वां होगा। उन्होंने बताया कि धाजा में लठयांनी से पार्टी के कलाकार बाबा सिद्ध चानों का गुणगान करेंगे।

# भाजपा ने अनुसूचित जाति के लोगों के हितों की सदैव की है रक्षाः ठाकुर

**एससी सम्मेलन**

**8 अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी के पिछले 10 वर्षों में वंचित हीं वरियता में रहे हैं।**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने श्री नयना देवी जी विधानसभा में एससी सम्मेलन को संबोधित करते हुए पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के विकास हेतु किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और आगामी लोकसभा चुनाव में फि र एक बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आवाहन किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी के पिछले 10 वर्षों में वंचित हीं वरियता में रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने दलितों, शोषितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोडकर उन्हें संवैधानिक अधिकार के साथ-साथ सामाजिक न्याय और समान अवसर देने हेतु प्रतिबद्धता से कार्य किया है। अनुसूचित जाति के विकास के लिए, उनकी पढ़ाई के लिएए उनको मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार ने विशेष योजनाओं पर काम किया है। संविधान दिवस मनाने की शुरूआत मोदी सरकार ने की। पंच तीर्थ को विकसित करने का काम मोदी सरकार ने किया। आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला है तो यह भी मोदी सरकार में ही संभव हुआ। इससे पहले हमारे राष्ट्रपति अनुसूचित जाति से आते थे। आज हमारे 10 से ज्यादा मंत्री अनुसूचित जाति के हैं। कई राज्यपाल अनुसूचित जाति से हैं। यह सब मोदी सरकार में हीं संभव हुआ। आज मोदी सरकार अपने विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को अंत्योदय से आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का केवल अपमान किया है। उनके जीते जी कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाला और उन्हें नीचा दिखाने का हर संभव प्रयास किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बाबा साहेब ने गरीबी से निकलकर विदेश में पढ़ाई की और फिर देश का संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई पर कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ नेहरू गांधी परिवार तक सीमित होने के कारण बाबा साहब को मान सम्मान नहीं दिया। बाबा साहब को भारत रत्न भी गैर कांग्रेसी सरकार में मिला। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि एक ओर कांग्रेस है जिसने सदैव बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया और दूसरी ओर मोदी जी हैं जिन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के सपनों को साकार किया है।

# एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पार्बती परियोजना चरण-2 में आगमन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू।** एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद गोयल एवं निदेशक तकनीकी तथा परियोजनाएं राज कुमार चौधरी 06 अप्रैल से 08 अप्रैल तक के तीन दिवसीय दौरे पर आज एनएचपीसी के नगवाईं कार्यालय परिसर में पहुंचे।



परियोजना के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने इस उपलक्ष्य पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने सभी से परियोजना को निर्धारित समयविधि पर पूर्ण करने के लिए अपने समग्र प्रयास करने के लिए आह्वान किया तथा आश्वासन दिया कि एनएचपीसी के प्रबंधन द्वारा परियोजना को हर संभव मदद दी जाएगी। राज कुमार चौधरी ने भी इस अवसर पर सभी कार्मिकों को संबोधित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि लक्ष्य को पूर्ण करने में जो आनंद है वह अतुलनीय है तथा सभी कार्मिक परियोजना को इसी वर्ष पूर्ण करने के लिए अपना भरपूर प्रयास करे। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के कार्यपालक निदेशक दीपक सहगल, पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-2 के प्रमुख निर्मल सिंह, पार्बती-2 पावर स्टेशन के प्रमुख प्रकाश चंद तथा परियोजना के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीडन के आरोप, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः** महिला थाना ऊना के तहत बीटन की एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड? व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में बीटन निवासी मीरा ने बताया कि सितंबर 2022 को मेरी शादी नवांशहर पंजाब के हनीश खटाणा के साथ हुई थी। शादी के बाद से मेरी सास संतोष, ससुर मनोहर, ताया ससुर काला व बचौलन शांति देवी ने दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करने लगे।

# कुल्लू का यूथ, चलेगा बूथ एबवेली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, उपायुक्त ने की अध्यक्षता



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** कार्यक्रम पर्यटन विभाग तथा जिला राफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में कुल्लू का यूथ, चलेगा बूथ कार्यक्रम के तहत आज जिले के बवेली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने राफ्टिंग व्यवसाय से जुड़े सभी ऑपरेटरों विशेषकर युवा आपरेटरों से आगामी एक जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करने व अपने आसपास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हम सभी के एक एक मत का महत्व है तथा मतदान हमे अपनी मनपसंद सरकार को चुनने का अवसर प्रदान करता है। जिला निर्वाचन अधिकारी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने पर्यटन विभाग कुल्लूए युवा ऑपरेटरों का आवाहन किया कि एक जून को सभी मतदान केंद्रों पर पहुंच कर मतदान अवश्य करे। लोकतंत्र में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए उपायुक्त ने स्वयं व्यास नदी की लहरों में राफ्टिंग की और जिला की स्वीप टीम ने बैनर और प्ले कार्ड के माध्यम से राफ्टिंग करते हुए मतदान करने का संदेश दिया।

जिला स्वीप से नोडल अधिकारी उप निदेशक नेहरु युवा केंद्र डॉ लाल सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में स्वीप के अंतर्गत सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करने को प्रेरित हो सके।

तोरुल एस रवीश ने इस अवसर पर स्वीप के तहत सभी उपस्थित आपरेटरों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखने व देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए। निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार करने की शपथ दिलाई।

# चुनाव ड्यूटी वाले कर्मचारियों की परेशानियों का हल निकाले सरकार

**चुनाव**

**8 ` एक विशेष उम्र के बाद इस कार्य को करने में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला बिलासपुर के प्रधान नरेश ठाकुर, महासचिव लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, वित्त सचिव सुरेंद्र ठाकुर, बलवंत ठाकुर, राजीव चौधरी, सुशील चंदेल, विकास चौहान, बाबू राम ठाकुर, भूपेंद्र सांख्यान, मदन लाल, साहिल, सुनील, प्रेम सिंह, राजेश शर्मा, देश राज, राजेंद्र, जगदीप ठाकुर, यशपाल, संजीव धमार्नी, संजीव कौशल, शांति स्वरूप, गुरमीत, हरविंदर, विशाल, पवन ठाकुर, सुरेंद्र धीमान, प्रशांत, रवि कांत, श्रीकांत, विजय कुमार शर्मा, मदन ठाकुर, सुरेश, विनोद कौशल, राज कुमार, अरुन बाला ने प्रैस को जारी बयान में कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। एक सशक्त लोकतंत्र में चुनाव एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं एवं लोकतंत्र की रीढ़ हैं। भिन्नभिन्न अंतरालों पर होने वाले इन चुनाव में दुर्गम क्षेत्रों में चुनाव कार्य करना तार्किक परिणति तक पहुंचाने जोखिमपूर्ण में सरकारी क्षेत्र में नियुक्त भिन्नभिन्न संवर्गो के अध्यापकों का विशेष योगदान रहा है। अध्यापक वर्ग इस कार्य से किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटा और चुनाव आयोग के निदेर्शो की हमेशा अक्षरशः अनुपालन की है और आने वाले समय में भी करता रहेगा। लेकिन गत वर्षों में देखा और पाया गया कि शिक्षक वर्ग की अपनी भी बहुत सारी समस्याएं हैंए जिनके कारण एक विशेष उम्र के बाद इस कार्य को करने में बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे कि महिला अध्यापक व जिन अध्यापकों की आयु 55 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है, वे अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं विकारों से ग्रसित हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में दुर्गम एवं अन्य क्षेत्रों में चुनाव कार्य करना अत्यंत जोखिमपूर्ण रहता है। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन जिला बिलासपुर इकाई के जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने राज्य चुनाव अधिकारी हिमाचल प्रदेश से मांग कि है कि इन समस्याओं एवं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए महिलाओं व अति वरिष्ठ शिक्षकों को जिनकी आयु 55 वर्ष हो चुकी है, को मतदान कार्य से छूट देकर एक न्यायोचित एवं मध्य मार्ग अख्तियार किया जाए।

# पत्रकारों की निर्मम पिटाई की जिला पत्रकार संघ बिलासपुर ने की कड़ी निंदा

**आपात बैठक**

**8 इसी आशय को लेकर रविवार को स्थानीय परिधि गृह में आपात बैठक का आयोजन किया गया।**



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** कुल्लु जिला के आनी में पुलिस द्वारा पत्रकारों की गई निर्मम पिटाई के मामले जिला पत्रकार संघ बिलासपुर ने कड़ा संज्ञान लिया है। इसी आशय को लेकर रविवार को स्थानीय परिधि गृह में आपात बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान राम सिंह ने की। बैठक को जिला प्रधान राम सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र के चैथे स्तंभ पर हमला है। जिसे किसी भी लिहाज से जायज नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा कि आनी के पत्रकार अपना काम कर रहे थे, लेकिन पोल खुलने के डर से पुलिस ने पत्रकारों को पहले थाना में बुलाया और फि र डराया धमकाया। लेकिन जब पत्रकार अपनी बात पर अड़े रहे तो पुलिस ने बल का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के शरीर पर जख्मों के निशान खुद बयान कर रहे हैं कि पुलिस ने उन्हें पेशेवर मुजरिम की तरफ पीटा है। उन्हें कहा कि सभ्य समाज में इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। पुलिस कर्मचारियों ने पत्रकारों को थाना में बुलाकर बेहरमी से पीटा है। उन्होंने कहा कि अकारण इस प्रकार का पुलिस द्वारा किया गया कृत्य जायज कदापि नहीं है। उन्होंने कहा कि चूंकि मामला पत्रकारिता से जुड़ा है इसलिए सरकार को इस प्रकरण पर कड़ा संज्ञान लेकर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाकर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रधान ने कहा कि जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने निर्दोष पत्रकारों को बेहरमी से पीटा है उनके खिलाफ एफ आईआर दर्ज होनी चाहिए ताकि आगामी कार्यवाही निष्पक्षता से की जा सके। उन्होंने कि यदि प्रदेश में इस प्रकार का माहौल संवैधानिक पदों पर बैठने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पैदा किया जाएगा तो निश्चित तौर पर अराजकता फैलेगी। जब समाज की आवाज उठाने वाले पत्रकार ही सुरक्षित नहीं होंगे तो आज जन के हितों की रक्षा कौन करेगा। जिला पत्रकार संघ के महासचिव विजय कुमार ने कहा कि मंगलवार 9 अप्रैल 2024 को जिला पत्रकार संघ की बैठक का आयोजन बिलासपुर के परिधि गृह में किया जाएगा है।

# आम आदमी पार्टी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबरा गई है बीजेपीः मल्होत्रा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** आम आदमी पार्टी संसदीय क्षेत्र मंडी के कार्यकताओं ने अरविंद केजरीवाल की गैरकानूनी गिरफ्तारी के विरोध में सेरी मंच मंडी के पास चांननी में एक दिन का उपवास रखकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता जिला इंचार्ज राकेश रावत ने की। इस मौके पर प्रदेश सचिव राकेश मल्होत्रा भी मौजूद रहे। राकेश मल्होत्रा ने कहा कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबराई हुई है और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने निजी



स्वार्थ के लिए कर रही है वह लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है।

बीजेपी हार के डर से इतनी बौखलाई हुई है कि वह विपक्ष के नेताओं को चुनाव प्रचार से रोकने के लिए दिन-रात नए-नए हथकंडे अपना रही है। 2 वर्षों से शराब घोटाले की जांच चली हुई है और सैकड़ो रेड ईडी डाल चुकी है परंतु अभी तक एक पैसे की रिकवरी नहीं हुई है सिर्फ गवाह के बयान पर ही विपक्ष के नेताओं को बिना सबूत के जेल में डाला जा रहा है। लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष हमारा जारी रहेगा और हम इस संघर्ष को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# 11 की रैली की तैयारियों का जायजा लेने डॉ राजीव बिंदल पहुँचे हमीरपुर

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र चुनाव कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की विशेष उपस्थिति में एक बैठक हुई यह बैठक जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा के अध्यक्षता में हुई जिसमें 11 तारीख को भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर द्वारा हमीरपुर के गांधी चौक में आयोजित में की जा रही भव्य रैली की दृष्टि से गठित की गई व्यवस्था टोली के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

व्यवस्था टोली के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए



डॉ बिंदल ने बैठक में 11 तारीख को होने जा रही इस रैली के दृष्टिगत की जा रही तैयारीयों से सम्बंधित व्यवस्था प्रमुखों से क्रमवार उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविवार को ही इस बैठक के सिलसिले में हमीरपुर पहुंचे थे और यह बैठक लेने के बाद वह वापस चले गए। बैठक में 11 की रैली की तैयारी से संबंधित व्यवस्था टोली के सभी सदस्यों को उचित दिशा निर्देश देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमीरपुर में होने जा रही भव्य रैली जोरदार उत्साह प्रदेश भर के कार्यकताओं में प्रवाहित करेगी। इसके साथ ही बैठक में जिला में होने जा रहे उपचुनावों की दृष्टिगत गठित की गई। समन्वय समिति के संयोजक एवं प्रदेश सचिव भाजपा नरेंद्र अत्री ने समन्वय समिति द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल को सौंपी। बैठक में जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस की उपलक्ष पर आयोजित की गई विभिन्न कार्यक्रमों सहित पार्टी द्वारा दिए गए सभी कार्यकलापों की गतिविधि की रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखी। गौर तलब है कि 11 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर द्वारा एक बड़ी रैली हमीरपुर की गांधी चौक पर आयोजित की जा रही है। इस रैली में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल सहित आजाद विधायक आशीष शर्मा एवं हाल ही में कांग्रेस छोडकर भाजपा में सम्मिलित हुए और उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र राणा और इंद्र दत्त लखनपाल व जिला हमीरपुर के पूर्व विधायक और पार्टी के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# फतेहपुर के रोहित चौहान बने करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष

**प्रतियोगिता**

**8 पूर्ब में रहे प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय राहुल चौहान की याद में करणी सेना करबाएगी खेलकूद प्रतियोगिता ।**

**कांगड़ा**
**विजय समयाल7/4/2024**

उपमण्डल मुख्यालय फतेहपुर से सबन्धित रोहित चौहान को करणी सेना का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । उनकी नियुक्ति करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मोच स्थित एक निजी होटल में बैठक दौरान की ।ज्ञात रहे रविवार को करणी सेना की बैठक मोच स्थित एक निजी होटल में सम्पन्न हुई जिसमें करणी सेना के विस्तार की चर्चा करने के साथ ही फतेहपुर के युबा रोहित चौहान को हिमाचल प्रदेश की बागडोर सौंपी गई ।इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तरफ से पहुंचे युबा एबं खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बादलतंबर ने मीडिया से रूबरू होते बताया कि करणी सेना का राजनीति से दूर -दूर तक का रिश्ता नही है ।



कहा यह एक सामाजिक संगठन है जोकि समाज की बेहतरी के लिए कार्य करता है । साथ ही उन्होंने कहा कि आज की बैठक में फतेहपुर निबासी रोहित चौहान को हिमाचल प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है ।

साथ ही कहा पूर्ब में रहे प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय राहुल चौहान की याद में करणी सेना फतेहपुर से उनके नाम की खेलकूद प्रतियोगिता करवाने जा रही है ।ताकि उनके द्वारा कोरोना काल में किये गए बेहतर कार्यों को याद किया जा सके ।।

## गगरेट में चिट्टा सहित एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊनाः** इच्छाधारी मंदिर गगरेट के समीप पुलिस ने एक व्यक्ति को चिट्टे संग गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 1.43 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने चिट्टा रखने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात्रि को पुलिस गगरेट के इच्छाधारी मंदिर के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रगट सिंह निवासी होशियारपुर की तलाशी ली। जिसके पास से 1.43 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। डीएसपी अंब मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने चिट्टा रखने पर प्रगट सिंह के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कैलाश नगर से सोलर लाइट, पोल व अन्य सामान जब्त

**जवाबतलब**

**8 निर्वाचन अधिकारी ने इस बावत भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर जवाबतलब किया है।**

**राजन पुरी**

**ऊनाः**चुनाव आयोग के उड ?दस्ते ने विधानसभा क्षेत्र गगरेट की ग्राम पंचायत कैलाश नगर के एक घर से सोलर लाइट पोल व बैंच जब्त करने में सफलता हासिल की है। चुनाव आयोग को एक शिकायत मिली थी कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को प्रभावित करने के लिए अभी से मतदाताओं को सोलर



लाइट लगाने के साथ अन्य सामान का प्रलोभन दिया जा रहा है। इस शिकायत के आधार पर ही चुनाव आयोग के उड ?दस्ते ने यह कार्रवाई की है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने इस बावत उपचुनाव में घोषित भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर जवाबतलब किया है। चुनाव आयोग को निरंतर यह शिकायतें मिल रही थीं कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पंचायत समिति सदस्य व कांग्रेस नेता अनिल डढवाल ने लिखित शिकायत की थी कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए भाजपा प्रत्याशी अपनी सामाजिक संस्था के माध्यम से अभी भी गांव-गांव में सोलर लाइट वितरित करने से साथ अन्य सामान भी वितरित कर रहे हैं। चुनाव आयोग को यह भी सूचना मिली थी कि कैलाश नगर में चुनाव के दौरान सामान बांटने के लिए घर को डंप बना रखा है। यहां पर भारी मात्रा में सोलर लाइट व अन्य सामान रखा गया है। इस सूचना के आधार पर चुनाव आयोग के उड ?दस्ते ने रविवार सुबह तीन बजे कैलाश नगर के जब उस घर में दबिश दी। टीम ने अंदर जाकर देखा तो वहां सोलर लाइट पोल व बैंच पड़े मिले। जब घर के मालिक से इस बावत पूछा गया तो उसने बताया कि उसने यह घर किराए पर दे रखा है। उड ?दस्ते ने जब गिनती की तो वहां पर 91 सोलर लाइट पोल व 33 के करीब बैंच बरामद हुए। जिस पर उड ?दस्ते ने उक्त सामान जब्त कर लिया। इसके बाद सहायक निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम ने भाजपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर इसका जवाब तलब किया है।

सौमिल गौतम ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आते ही उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### फ तेहपुर के रोहित चौहान बने करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** उपमण्डल मुख्यालय फ तेहपुर से सबन्धित रोहित चौहान को करणी सेना का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति करणी सेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने मोच स्थित एक निजी होटल में बैठक दौरान की। ज्ञात रहे रविवार को करणी सेना की बैठक मोच स्थित एक निजी होटल में सम्पन्न हुई जिसमें करणी सेना के विस्तार की चर्चा करने के साथ ही फतेहपुर के युबा रोहित चौहान को हिमाचल प्रदेश की बागडोर सौंपी गई।

इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तरफ से पहुंचे युबा एवं खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बादल
तंबर ने मीडिया से रूबरू होते बताया कि करणी सेना का राजनीति से दूर-दूर तक का रिश्ता नही है। कहा यह एक सामाजिक संगठन है जोकि समाज की बेहतरी के लिए कार्य करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज की बैठक में फतेहपुर निबासी रोहित चौहान को हिमाचल प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही कहा पूर्ब में रहे प्रदेशाध्यक्ष स्वर्गीय राहुल चौहान की याद में करणी सेना फ तेहपुर से उनके नाम की खेलकूद प्रतियोगिता करवाने जा रही है। ताकि उनके द्वारा कोरोना काल में किये गए बेहतर कार्यों को याद किया जा सके। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री किसान मोर्चा अमित राणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युबा मोर्चा अरबिंद भाटी, प्रदेश अध्यक्ष युबा मोर्चा दीपक डडवाल, पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष बेनी मिन्हास व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बालिका गृह और विशेष बाल देखभाल केंद्र सुंदरनगर के बच्चों के साथ झूला झूले डीसी मंडी

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** मंडी उपायुक्त अपूर्व देवगन, अतरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर और जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने रविवार को बालिका गृह सुंदरनगर और विशेष बाल संस्थान सुंदरनगर के बच्चों के साथ पडल मैदान में खूब मनोरंजन किया। इन अधिकारियों ने बाल देखभाल केंद्रों में रह रहे बच्चों की होंसला हफजाई के लिए न केवल बच्चों सहित झूला झुला बल्कि सीडू, चॉयमिन और आइसक्रीम भी खाई। गने का जूस और गोलगपों का भी आनंद लिया। जिलाधीश अपूर्व देवगन, अतिरिक्त जिलाधीश रोहित राठौर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने बच्चों के साथ मेला घुमा। जिला बाल सरंक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने कहा की इन अधिकारियों ने क्वालिटी टाइम ऐसे बेसहारा और हालातों के मारे बच्चों के साथ बिताया जिनके साथ समाज के कई बड़े लोग खड़ा होने से भी हिचकिचाते है। ठाकुर ने कहा की इन अधिकारियों ने बच्चों के साथ लगभग 3 घंटे बिताए जो बच्चों के लिए कई यादें एअनुभव व अविस्मरणीय पल छोड़ गए। बच्चों के साथ सीसीआईएजिला बाल सरंक्षण इकाई मंडी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे।

### कई सरकारी स्कूलों में अध्यापकों ने स्कूलों में कापियां बेचने का बनाया अवैध धंधा

**गोहरः** नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है।आजकल कई सरकारी स्कूल के अध्यापकों ने स्कूलों में ही बच्चों को कॉपियां बेचने का धंधा शुरू कर रखा है जिससे आसपास के दुकानदारों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जबकि बच्चे अध्यापकों के डर से अध्यापकों से ही कापियां खरीदने को मजबूर हैं। गौरतलब है राजकीय प्राथमिक पाठशाला चच्योट में आजकल अध्यापक वर्ग प्राथमिक स्कूल के बच्चों से 400 रुपए पीटीए अध्यापक को देने के लिए ले रहे हैं इसके बदले में बच्चों को चार-चार कापियां दे रहे हैं। मगर400 का कोई हिसाब नहीं दे रहे। अभिभावकों को यह भी नहीं बताया जा रहा की 400 रुपए का क्या किया जा रहा है कितने पैसे पीटीए अध्यापक को दिए जा रहे हैं। इस बारे में प्रधान नीलम कुमारी ने बताया कि वे इसी वर्ष एसएससी की प्रधान बनी है उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है इस बारे में प्रधानाचार्य हेमराज को कई बार फोन किया मगर उन्होंने फोन उठाने की जहमत नहीं उठाई।इस बारे में उपमंडल अधिकारी नागरिक गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट से बातचीत की गई उन्होंने बताया यह अनैतिक और अवैध है इस बारे में वह पूरी छानबीन करेंगे और दोषी पाए जाने पर अध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भाजपा को धनबल का घमंड, जनता देगी जवाब :अनिरुद्ध सिंह

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि भाजपा को धन-बल का घमंड सिर चढकर बोल रहा है और भाजपा नेताओं के अहंकार को प्रदेश की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि धन-बल के जरिए भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। हॉर्स ट्रेडिंग कर भाजपा ने राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव में छह कांग्रेस विधायकों से क्रॉस वोटिंग करवाई और फिर लोकप्रिय सरकार को गिराने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली चेहरा राज्य की जनता के सामने आ चुका है और अब यह बात घर-घर पहुँच गई है कि भाजपा ही इस पूरे षड्यंत्र के पीछे थी। भाजपा नेता अहंकार में हैं, लेकिन कांग्रेस के पास जनबल है और हमें इस बात का पूर्ण विश्वास है कि आगामी लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि पिछले सवा साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारा। भगवान और पूरे प्रदेश की जनता का आशीर्वाद मुख्यमंत्री के साथ है और भाजपा नेता धनबल का जितना मर्जी जोर लगा लें, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार



पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुरए सत्ता के लालच में हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को अपमानित करने में लगे हैं।

हिमाचल प्रदेश के लोग बिकाऊ नहीं हैं, जबकि जयराम ठाकुर नोटों के दम पर जनमत की कीमत तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि क्रॉस वोट करने के बाद बागी विधायकों को केंद्रीय सुरक्षा बलों ने कड़े पहरे में पहले चंडीगढ़ में पहुँचाया। फिर उन्हें महँगे फ इव स्टार होटलों में एक महीने तक ठहराया।

उन्हें हेलीकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन की सैर कराई गई और इस सब का खर्च भाजपा ने उठाया। अब भाजपा नेता अपने गुनाहों को प्रदेश की जनता के सामने स्वीकार करने से डर रहे हैंए जबकि असलियत से प्रदेश की जनता अच्छी तरह से वाकिफ है और उनके गुनाह प्रदेश की जनता के सामने हैं।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि अपनी पार्टी से गद्दारी करने वाले बागि?ों को प्रदेश की जनता सबक. सीखाएंगी।

## पुलिस चौकी के बाहर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस चौकी ऊना के बाहर एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट में युवक घायल हुआ है, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुधांशु निवासी भटोली ने बताया कि शनिवार शाम को कोर्ट परिसर ऊना से निकलकर पुलिस चौकी के समीप पहुंचा था कि इसी दौरान ऋषि भारद्वाज व अन्य साथियों ने मिलकर मारपीट की। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में सुधांशु चोटिल हुआ है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर ऋषि भारद्वाज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बृजलाल बने भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य

**सदस्य**

**8 परनाली (बंदला) गांव के रहने वाले बृजलाल ठाकुर इससे पहले भाजपा के सदर मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं।**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बिलासपुर सदर से ताल्लुक रखने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजलाल ठाकुर को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। बिलासपुर के परनाली (बंदला) गांव के रहने वाले बृजलाल ठाकुर इससे पहले भाजपा के सदर मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। लंबे अनुभव



और पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की भावना के आधार पर उन्हें पिछली बार भी प्रदेश कार्यकारिणी में जगह दी गई थी। उनकी गिनती भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के करीबियों में होती है।

2022 में संपन्न विधानसभा चुनाव में बिलासपुर सदर से भाजपा प्रत्याशी त्रिलोक जमवाल के चुनाव प्रबंधन में भी उनकी अहम भूमिका रही थी। रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉण राजीव बिंदल ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उनका नियुक्ति पत्र जारी किया। बृजलाल ठाकुर ने इसके लिए जेपी नड्डा और डॉण राजीव बिंदल के साथ ही सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल व पार्टी के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा हाईकमान की उम्मीदों पर खरा उतरने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# रायपुर सहोड़ा तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**हादसा**

**8 मृतकों में दो की आयु 11 वर्ष व एक आठ वर्षीय बच्चा था। पुलिस ने अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है**

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना मैहतपुर के तहत रायपुर सहोड़ा में तीन प्रवासी बच्चों की नहाते समय डूबने से मौत हो गई। रायपुर सहोड़ा में नहाते हुए हादसा पेश आया है। मृतकों की पहचान पकंज पुत्र प्रसादी निवासी, मुकेश पुत्र ब्रमेश व सोनू पुत्र सुरेश निवासी संभल, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। मृतकों में दो की आयु 11 वर्ष व एक आठ वर्षीय बच्चा था।



पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मामले को लेकर जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह रायपुर सहोड़ा प्रवासी मजदूरों के बच्चें एक भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत तलाब के पास पहुंच गए। चार में से तीन बच्चें तालाब में नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान तीनों बच्चें डूबने लगे। पानी में डूबता देख बाहर खड़े साथी बच्चें ने चिल्लाना शुरू कर किया। इस दौरान कुछ दूरी पर मौजूद सुखदेव व उसके साथी ने तालाब में उतरकर तीनों को निकाला। इनमें से 8 वर्षीय पंकज व 11 वर्षीय मुकेश की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि सोनू को अचेत अवस्था में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान सोनू की भी मौत हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी मैहतपुर मनोज कौंडल टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों के ब्यान दर्ज किए जा रहे हैं।

# कांग्रेस के गारंटीपत्र व न्यायपत्र महज चुनावी दस्तावेज : राकेश जमवाल

**चुनावी दस्तावेज**

**8 कांग्रेस ने एक बार फिर हिमाचल की तर्ज पर अब पूरे देश की जनता को ठगने का प्रयास किया जा है।**

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** कांग्रेस ने एक बार फिर हिमाचल की तर्ज पर अब पूरे देश की जनता को ठगने का प्रयास किया जा है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सोहरए बैहना और चनोल में जनसम्पर्क के दौरान कहा कि हिमाचल की पांच गारंटीयों के बाद अब केंद्र में एक और चुनावी दस्तावेज महज



औपचारिकता निभाने के लिए कांग्रेस ने पेश किया है। उन्होंने कहा कांग्रेस द्वारा लायी गई एक किताब जिसमें पांच न्यायए 25 गारंटी व 300 से ज्यादा वादे व 48पन्नों की किताब को क्या कांग्रेस के प्रत्याशीयों ने पढ़ा भी है या नहीं यह भी सोचने की बात है। उन्होंने कहा हिमाचल में मुख्यमंत्री पद पर बैठे सुखविंदर सिंह सुकखु ने विधानसभा में नकारा कि उन्होंने सरकारी नौकरी देने की बात नहीं कही है जबकि मेनिफेस्टो में एक गारंटी के रूप में आज भी दर्ज है। वादे कर चुनाव के बाद उन्हें भूल जाना कांग्रेस की आदत में शुमार है। विधायक राकेश जमवाल ने कहा हिमाचल की जनता की तरह इस बार देश की जनता को भी भ्रमित करने का प्रयास कांग्रेस कर रही है। लेकिन देश की जनता समझदार है हिमाचल में महिलाओं को ठग कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस समय आने पर इधर उधर के बहाने खोजती रही और लोकसभा चुनावों को सामने देख कर फार्म भर कर बर्गलाने का प्रयास कर रहे हैं। आज वही कांग्रेस नारी न्याय की बात कर रही है।मंडी से प्रत्याशी कंगना राणावत के बारे में टिप्पणी इनके नेताओं की महिलाओं के प्रति मानसिकता को दशार्ती है। उन्होंने कहा युवा न्याय पर बात करने वाली कांग्रेस हिमाचल में आज तक युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है आज लगभग सभी युवा सडकों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं। रोजगार देने वाले कार्यालय को बंद कर दिया गया। बात बात पर झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री आज 15 माह में एक भी युवक को रोजगार नहीं दे पाई है। लेकिन देश की जनता समझदार है और वह इन दोहरे चरित्र वाले दल का साथ देने के बजाए विकसित भारत की और बढ़ रहे राष्ट्र का साथ देने का मन बना चुकी है। विधायक राकेश जमवाल ने कहा इस बार कांग्रेस की गारंटीयों पर विकसित, सशक्त, संगठित भारत का संकल्प जो प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है भारी पड़ेगा।

# स्तोथर गुरुद्वारा में गुरमत समागम आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊनाः** चिंतपुर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव स्तोाथर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार को इलाका निवासी समूह साध संगत द्वारा सालाना गुरमत समागम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री अखंड साहिब जी के भोग के उपरांत गुरमत समागम का आयोजन किया गया। गुरमत समागम के उपरांत भाई हरदीप सिंह के रागी जत्थे द्वारा कथा कीर्तन द्वारा निहाल किया गया व सिक्ख इतिहास के बारे सिक्ख संगत को अवगत करवाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू भी गुरुद्वारा साहिब में नतमस्तक हुए और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद लिया और



सरबत के भले की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधकों द्वारा विधायक सुदर्शन बबलू को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बाबा सुरिंदर सिंह, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, जोग्मान सिंह, हरनाम सिंह, जोगिंदर सिंह, जरनैल सिंह, जसपाल सिंह, कुलदीप सिंह, गुरदेव सिंह, रणदीप सिंह, संतोख सिंह, सेवा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गरीब किसान एवं मजदूरों का जीवन सशक्त बनाना ही मोदी की गारंटी: मनोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** खादी ग्रामोद्योग भारत सरकार द्वारा डॉ.मंगलसेन ऑडिटोरियम में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की भी साझेदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खादी और ग्रामोद्योग भारत सरकार के राष्ट्रीय चेयरमेन मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए चेयरमेन मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के कारीगरों को सशक्त और समृद्ध बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब किसान एवं मजदूरों का जीवन सशक्त और समृद्ध बनाना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देशभर में आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ग्रामीण भारत के कुशल कारीगरों को नई तकनीकों से जोडने के लिए केवीआईसी द्वारा देश के सभी राज्यों में ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कारीगरों को आधुनिक ट्रेनिंग के साथ-साथ मशीनरी और टूलकिट भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत अभी तक 27 हजार से अधिक कुम्हार भाइयों और बहनों को विद्युत चालित चॉक वितरण किए जा चुके हैं।

**चर्चा**

**8 नई तकनीकों से जोडने के लिए केवीआईसी द्वारा देश के सभी राज्यों में ग्रामीण स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे**

# 'चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं ढंग से सम्पन करवाने के लिए कृत संकल्प'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोकसभा 2024 के आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन करवाने के उद्देश्य से प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के तुरंत बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी विभागों के अधिकारी आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करना सुनिश्चित करेंगे।



उन्होंने चुनाव तैयारी समीक्षा के दौरान एआरओज को निर्देश दिए कि वे भारत निर्वाचन आयोग की हैंड बुक को अवश्य पढें. ताकि चुनाव के समय उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करने पड़े। उन्होंने कहा कि एआरओज अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण करें और मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करवाना सुनिश्चित करें। मतदाता की सुविधा के लिए सभी पोलिंग बूथों पर पीने का पानी, सुलभ शौचालय, बिजली की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथों में रैंप तथा व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील व अति संवेदनशील पोलिंग बूथों की पहचान करें और ऐसे पोलिंग बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**दिशा-निर्देश**

**8 प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

## न्यूज फ्लैश

### हवन-यज्ञ के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया



**पानीपत:** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत संचालित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा में हिंदुस्तान स्काउट एण्ड गाइड द्वारा आज हवन यज्ञ के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया ' यह कार्यकर्म विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य के दिशा निर्देश से किया गया ' इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री सत्यवान आर्य ने की उन्होंने कहा कि आजकल खान-पान से संबंधित कुछ वस्तुएं हमारे शरीर को खराब कर रही है ' अत: हमें अपने घर में बना हुआ शुद्ध शाकाहार भोजन का सेवन करना चाहिए और अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहना चाहिए ' बाजार के तले हुए खाद्य पदार्थों से दूर रहना चाहिए और शुद्ध शाकाहारी भोजन ही करना चाहिए ' इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव मलिक ब्लॉक समिति सदस्य रिसालू रहे और अति वशिष्ठ अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक रहे इन्होंने हिंदुस्तान
स्काउट गाइड के साथ पौधा रोपण भी किया' और कहा कि आज हमें शुद्ध वातावरण की आवश्यकता है प्रदूषण को कम करने के लिए जगह-जगह पेड़ लगाने चाहिए और उनका रखरखाव भी करना अति आवश्यक है ' हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के इंचार्ज जगदीश चहल ने बताया कि हमारा देश ऋषि मुनियों और साधु संतों का देश है हम सब यज्ञ के माध्यम से पूरे विश्व में शांति की कामना करते हैं और हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहे हमें पेड़ पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए ' समय-समय पर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड इस कार्य को खुशी के साथ करती रहती है यज्ञ के ब्रह्मा रिशिपाल रहे।

# तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत:** निराला धाम विशन सरुप कालोनी का पावन प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव समापन गया इस वार्षिक महोत्सव में श्री सदगुरू महाराज आशा भारती जी ।की पवन अध्यक्षता में परमपूज्य स्वामी दयानंद जी सरस्वती,हरिद्वार ।से स्वामी अरुण दास जी महाराज,पानीपत से स्वामी नाथ जी महाराज ।सतगुरु कांता देवी जी महाराज नेअपने परवचन में भगतो को भावभोर किया समिति प्रेस प्रवक्ता हरीश मल्होत्रा ने बताया परमपूज्य बरहमलीन निराला स्वामी लहरी बाबा की। सद्प्रेणा से समिति पारी वर्ष नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत देश ५ समाज हित में कार्य करती रहती हे जैसे गरीब असहाय लोगों की ।राशन सेवा,गरीब लड़कियों की शादियों में संयोग हॉस्पिटल में दवाई की व्यवस्था,आज ।इस यज्ञ में प्रति वर्ष की तरह 108 कन्या पूजन,108 गौ ग्रास,108 ब्राह्मण पूजा,तत्पश्चात विशाल भंडारा रहेगा इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतपाल मल्होत्रा,कपिल मुखीजा, रेनू ठकराल,सुरेंद्र रेवाड़ी,गोपाल तायल ,विजय जैन,सुरेश इनमालिक,विपिन बठला,अशोक गांधी, समिति के प्रधान सतीश ,जोगेंद्र चन्ना,विशाल खुराना,कैलाश लूथरा,किशोर वर्मा,अमित मल्होत्रा दीपक मल्होत्रा उपस्थित रहे ।

# रमेश कादियान चौथी बार बने हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर संगठन के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सीड्स प्रोड्यूसर संगठन की आम सालाना बैठक में एक बार फिर सर्वसम्मति से रमेश कादयान को अध्यक्ष चुना गया है। वह इस संगठन के लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुने गए हैं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद रमेश कादियान ने हरियाणा भर से आए सदस्यों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह पूरी मेहनत और लगन से संगठन के हित में कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने जो भरोसा दिखाया है वह उसे पर खडा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। बैठक के दौरान विनोद कुमार और रजनीश कंबोज को संगठन का उपाध्यक्ष, वेद



प्रकाश को महासचिव, संजीव कुमार को सचिव, राजेश वधवा को संगठन मंत्री, डॉ नरेंद्र तोमर को कोषाध्यक्ष और रिशिपाल डॉ एस एस वर्मा, सुनील कालड़ा, विजेंद्र मान तथा वीरेंद्र सिंह को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। संगठन के अध्यक्ष रमेश कादियान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन सरकार से मिलकर हर समस्या का हाल करेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पिछली बार सरकार ने उत्तम बीज पोर्टल खोला था जिसमें कई कमियां थी। उसे बाद में ठीक करवाया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार एक और पोर्टल साथी ला रही है।

# 'लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करके निभाएं अपना कर्तव्य'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में आगामी 25 मई को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की कीमत पुरुषों के बराबर है, इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मे बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

# सैर करने आए परिवार को ऑडी ने कुचला, शरीर टुकडे-टुकडे हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के असंध रोड पर एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने सडक पर सैर कर रहे परिवार को कुचल दिया। हादसा इतना भयंकर था कि व्यक्ति के शरीर के टुकडे-टुकडे हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा एक महिला की टांग कट गई और 19 वर्षीय लडकी की टांग टूट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने रात को टॉर्च की रोशनी में खेतों से व्यक्ति व महिला के शरीर के टुकडों को इकट्ठा किया। हादसा गांव जलमाना के पास शनिवार रात को हुआ है।



जलमाना चौकी के जांच अधिकारी जसबीर सिंह ने बताया कि रात को उन्हें सूचना मिली थी कि करनाल से असंध की तरफ आ रही एक ऑडी कार एचआर06एएच-8088 ने सडक पर सैर कर रहे परिवार को कुचल दिया है, जिसमें व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कुछ लोग घायल हैं। हादसे में ऑडी कार के भी परखच्चे उड गए। एक्सीडेंट के बाद एयरबैग खुल गए और बोनट बुरी तरह टूट गया। इसके सवार उसकी समय फरार हो गए थे। मृतक की पहचान जलमाना निवासी साहब सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला गुरजीत कौर है। वह मृतक साहब सिंह की भाभी है। वहीं तीसरी युवती उसकी भतीजी सुखवंत कौर है। परिजनों ने बताया है कि सुखवंत कौर का शनिवार को ही ऑस्ट्रेलिया का वीजा आया था। देर रात को खाना खाने के बाद वे टहलने के लिए सडक पर निकले थे। इसी बीच यह हादसा हो गया।

राहगीर गुरजंट सिंह के मुताबिक गाडी में दो युवक सवार थे। दोनों नशे में धुत थे। शराब के नशे में ही उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि करीब सौ मीटर तक गाडी ड्राइवर तीनों को घसीटते हुआ लेकर आया।

**दर्दनाक**

**8 हादसा इतना भयंकर था कि व्यक्ति के शरीर के टुकडे-टुकडे हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई**

### जमीन की रजिस्ट्री न कराने से परेशान पुलिस से लगाई गुहार



**पानीपत:** जमीन के ब्याना देने के बाद जमीन की रजिस्ट्री न कराने से परेशान एक किसान व निजि अस्पताल संचालक ने पुलिस-प्रशासन न्याय की गुहार लगाई है। गांव नांगल खेड़ी निवासी ड़ा सतबीर मलिक ने बताया कि उसकी करीब 17 कनाल जमीन गांव बहरामपुर तहसील बापौली में है । जिसको बेचने के लिए उसने मई 2023 में दिल्ली निवासी रविद्र से ब्याना ले कर 30 नवंबर 23 में रजिस्ट्री कराने का शपथ पत्र दिया गया था। मगर जमीन खरीदने वाले रविन्द्र कुमार उस जमीन का ब्याना दे कर रजिस्ट्री की तिथि 30 नवंबर 2023 को तहसील में नही आया तब से आज तक चार-पांच महिने से जमीन बेचने वाला किसान सतबीर मलिक ब्याना ले कर जमीन खरीदने वाले रविन्द्र के पास टेलीफोन कर व उसके पास चक्कर काट कर थक चुका है। जिससे किसान व निजि अस्पताल सांलक ड़ा सतबीर मलिक ने इस मामले को लेकर तहसील बापौली थाना बापौली सहित पुलिस प्रशासन के पास चक्कर काट कर थक चुका है। उसने बताया कि उसने पैसो की जरूरत के लिए ही जमीन बेचने के लिए ब्याना लिया था मगर जमीन का ब्याना देने वाला जमीन खरीदने वाला उसके पास नही आ रहा है अब न उसकी जमीन बिक रही है।

# विधायक पंवार ने सेक्टर-13 में पहुंचकर सेक्टवासियों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** विधायक सुरेंद्र पंवार ने सेक्टर-13 में पहुंचकर सेक्टरवासियों की समस्याएं सुनी। सेक्टरवासियों ने बताया कि सेक्टर-13 की ग्रीन बैल्ट की चारदिवारी को तारों के साथ ऊंचा करवाया जाए, इसके साथ ही सेक्टर-13
में पेयजल किल्लत का समाधान करवाया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही एचएसवीपी व नगर नगम अधिकारियों को जल्द से जल्द दोनों समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया। सेक्टरवसियों ने बताया कि सेक्टर-13 में गर्मी के मौसम में



पेयजल किल्लत गहरा जाती है। पहले ट्यूबवैल्स के जरिये सेक्टर में पेयजल सप्लाई होती थी। लेकिन करीब दो से तीन महीने पहले यमुना के पानी की सप्लाई सेक्टर में की जाती है। लोगों का कहना था कि दोनों ही सेक्टर में एक साथ सप्लाई दी जाती है, जिसकी वजह से अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचता। उन्होंने मांग की है कि यमुना के पानी के साथ-साथ ट्यूबवैल के पानी की भी सप्लाई की जाए।

# 'मतदाताओं की सहूलियत के लिए प्रयासरत'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आगामी लोकसभा व करनाल विधानसभा के उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सहूलियत के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। चुनाव आयोग ने जिन बूथों पर 1500 से अधिक मतदाता हैं, वहां सहायक बूथ बनाने के निर्देश दिए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा करनाल के उपचुनाव को देखते हुए एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने भी सम्बंधित मतदान केन्द्रों में सहायक बूथ बनाने को लेकर समीक्षा की और स्थानीय कर्ण विहार स्थित आजाद हाई स्कूल के बूथ नम्बर



90 और 92 का निरीक्षण किया।

एसडीएम ने बताया कि बूथ नम्बर 90 और 92 पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, ऐसे में मुख्य बूथ के साथ ही सहायक बूथ बनाए जा रहे हैं। इन बूथों के नम्बर मुख्य बूथ वाला ही रहेगा। केवल ए,बी,सी जोड़ दिया जाएगा। राजनीतिक दलों को भी जिला प्रशासन ने अवगत करा दिया है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस प्रकार बूथ नम्बर 90ए और 92ए दो सहायक बूथ बनाए जा रहे है, जोकि आजाद **टीम एक्शन इंडिया** हाई स्कूल के परिसर में ही स्थापित होगें। बढ़ाए गए बूथों पर सभी सुविधाएं होगी। मतदाता पर्चियां भी उसी हिसाब से निकलेंगी।

गौरतलब है कि आयोग का उद्धेश्य है कि बूथों पर मतदाताओं को अधिक देर तक न खड़ा होना पड़े। तुरंत वोट डालकर अपने घर जाएं। इसी को देखते हुए ये निर्णय लिया है। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश शुभम सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिनमें बीएसपी से रमेश, प्रमोद कुमार, जेजेपी से राकेश संधु, बीजेपी से राजबीर शर्मा, कांग्रेस से जोगिन्द्र, राजिन्द्र कुमार शामिल रहे।

# गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के लिए नये भव्य हॉल की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सिख धर्म के बानी गुरु नानक देव जी अपनी तीसरी उदासी के दौरान करनाल आए थे व जिस स्थान पर रुके थे, वहाँ उनके आगमन की याद में गुरुद्वारा मंजी साहेब बना हुआ है। इस ऐतहासिक स्थान गुरुद्वारा मंजी साहेब में गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश के लिए नये भव्य दीवान हाल की आज शुरूआत की गई, जिसके अवसर पर गुरमत समागम का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा मंजी साहेब प्रबंधक कमेटी के प्रधान व हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संयुक्त सचिव गुलाब सिंह मूनक ने बताया कि सिख संगत की बड़े समय से माँग थी कि दीवान हाल को बड़ा किया जाये व अब हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व सिख संगत के सहयोग से बाबा हरबंस सिंह कार सेवा दिल्ली वालों से वरोसाये बाबा



बचन सिंह और बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालों ने बेहद सुंदर नये हाल का निर्माण किया।

डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा सुखा सिंह ने बताया कि नया हाल का कार्य पूरा होने के बाद इस नये हाल में पाँच अप्रैल को श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया व अखंड पाठ साहेब आरंभ किए गए। आज श्री अखंड पाठ साहेब के भोग के बाद गुरमत समागम हुआ जिसमें सचखंड श्री दरबार साहिब अमृतसर से हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह, पंथ प्रसिद्ध ढाडी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह लांडरा, गुरुद्वारा मंजी साहेब के हजूरी रागी भाई बलविन्द्र सिंह व हेड ग्रंथी अमृतपाल सिंह ने कीर्तन, इतिहास व कथा विचार सुनाकर संगत को निहाल किया।

कार्यक्रम में हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमेन जत्थेदार बाबा बलजीत सिंह दादूवाल ने गुरमत सिद्धांत व गुरु इतिहास सुनाते हुए समागम में शामिल संगत को बधाई दी। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि नये हाल के निर्माण से संगत के दिल की मनोंकामना पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी कार्यकारिणी हरियाणा प्रदेश में धर्म प्रचार व अमृत संचार के कार्यक्रम में तेजी लाएगी। अमृतसर में हरियाणा कमेटी की और से एक सराय का निर्माण किया जाएगा, ताकि दरबार साहेब जाने वाली संगत को रहने की सहुलत मिल सके। आज के आयोजन में हजारों की संख्या में संगत शामिल हुई व सिख धर्म के संत महापुरुष व प्रबुद्ध हस्तिया शामिल हुई।

# सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भ**वन में रविवार को विकास क्लब साहित्य कला मंच के मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा। सिटीजन ग्रिवेंसिज कमेटी करनाल की चेयरपर्सन अंजू शर्मा ने रचना पेश करते हुए कहा कि कब तलक इम्तिहान दूं अब तो जान पे बन आई है, सोचती हूं जान दे दूं पर उसमें भी रुसवाई है।

सुख फाउंडेशन की चेयरपर्सन गुरविंद्र कौर ने कहा कि वो अगर अच्छा लगे उसका इरादा सोच मत, जी ले रिश्ता



और रिश्ते का नतीजा सोच मत। ममता प्रवीण ने कहा कि कोई दरिया पीकर भी प्यासा, किसी को बूंद में भी दिलासा। कमलेश पालीवाल कमल ने कहा कि हम तो आपको भी पहचान लेते हैं, उड़ती चिडिया के पर जान लेते हैं। गुरमुख सिंह वड़ैच ने कहा कि निगाहें नीची करके चलना तो हया का इक बहाना है, असल में देखते चलते हैं वो अपने शबाब को। हरबंस लाल पथिक ने कहा कि सीने से मेरे दिल को चुराकर ले गया कोई, चलो अच्छा हुआ जालिम बहुत परेशान करता था।

# देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है नवसंवत

## संपादकीय

## मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

**लोकसभा** चुनाव की तैयारियों के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। बड़ी बात यह कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछला लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। एक बार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशनखोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस शासनकाल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। कांग्रेस की ओर से जारी घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात में पूरा संदेह है कि इस मुद्दे पर देश की जनता आँख बंद करके उसका समर्थन करे। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने का प्रयास कर रही है, उनको कांग्रेस का वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है। इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में महंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

> "यह तो वह बहुमूल्य धरोहर है जिससे एक तरफ पूरा विश्व सीख रहा है तो दूसरी ओर हम इस धरोहर को खोते जा रहे हैं। दुनिया को राह दिखाने वाली संस्कृति आज खुद राह से भटकने को मजबूर है। भले ही आज सोशल मीडिया पर हिंदू नववर्ष को मनाने के लिए हम सब संदेशों को प्रचारित प्रसारित कर रहे हों लेकिन हकीकत में उस दिन को भूल जाते हैं। नवसंवत हमारी संस्कृति से जुड़ा है। हम कितनी भी बुलंदियां छू लें, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। कुछ लोग नवसंवत के महत्व को नहीं समझते। अपने धर्म व संस्कृति के उत्सवों को मनाने का सभी में लगाव होना चाहिए। हमारे महापुरुषों व वीर योद्धाओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत बलिदान दिया है क्या वह बलिदान इसलिए ही दिया था की एक दिन हम अपनी संस्कृति व धर्म को ही भूल जाएं"

**भारतीय** नववर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि, शुक्ल पक्षे समग्रेतु तु सदा सूर्योदये सति। ब्रह्म पुराण में वर्णित इस श्लोक के अनुसार चैत्र मास के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। इसलिए यही वो दिन है जब से भारत वर्ष की कालगणना की जाती है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (पड़वा) को मनाया जाना वाला नव संवत्सर पर्व यूं तो हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष कहलाता है, लेकिन ये दिवस विशेष भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। यही वजह है कि ये दिवस महज एक नया साल का प्रारंभिक दिवस नहीं बल्कि भारतवर्ष की सदियों और युगों की कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाओं का साक्षी भी है। वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी कार्य प्रारंभ करने के लिए शुभ मुहूर्त होता है। युगों में प्रथम सत्य युग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था।कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। संघ संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार का जन्म विक्रमी संवत पर हुआ था। यही वजह है कि इस दिवस का जनमानस में विशेष महत्व है,क्योंकि ये त्योहार किसी एक वर्ग, संप्रदाय या धर्म का नहीं बल्कि हर भारतीय का है। यह तिथि ऐतिहासिक महत्त्व की भी है। इतिहास के अनुसार शकों ने (शक जाति) उज्जैनी पर आक्रमण करके अपना साम्राज्य विदिशा और मथुरा तक फैला लिया था। उनके अत्याचारों से पीड़ित होकर जनता भयभीत हो उठी थी। तब तत्कालीन मालवा के प्रमुख नायक विक्रमादित्य ने आक्रमणकारियों को खदेड़ दिया था। विक्रम संवत को सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने के उपलक्ष्य में 57 ईसा पूर्व शुरू किया था। इसी दिन से चारों ओर प्राकृतिक वातावरण में नूतनता और मादकता आ जाती है, इसलिए इसे नया संवत कहना उचित है। नवसंवत को हम देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक भी मानते हैं।




भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार विक्रम संवत है। वर्ष का पर्यायवाची है संवत। विद्वान कहते हैं कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सांस्कृतिक कारणों से भी नवसंवत का महत्व है। आज भले ही ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार एक जनवरी को मनाया जाने वाला नववर्ष ज्यादा चर्चित हो, लेकिन इससे कहीं पहले से अस्तित्व में आया हिंदू विक्रमी संवत आज भी धार्मिक अनुष्ठानों और मांगलिक कार्यों में तिथि व काल की गणना का आधार बना हुआ है। विक्रमी संवत का संबंध सारे विश्व की प्रकृति, खगोल सिद्धांत और ब्रह्मांड के ग्रहों एवं नक्षत्रों से है। इसलिए भारतीय काल गणना पंथ निरपेक्ष होने के साथ सृष्टि की रचना को दर्शाती है। ब्रह्मांड के सबसे पुरातन ग्रंथ वेदों में भी इसका वर्णन है। नवसंवत यानी संवत्सरों का वर्णन यजुर्वेद के 27वें एवं 30वें अध्याय के मंत्र क्रमांक क्रमशः 45 व 15 में दिया गया है। सौर मंडल के ग्रहों एवं नक्षत्रों के चाल, उनकी निरंतर बदलती स्थिति पर भी हमारे दिन, महीने, साल और उनके सूक्ष्मतम भाग आधारित होते हैं। इस समय शीतकाल की शीतलता एवं ग्रीष्म काल की आतपता का मध्यबिन्दु होता है। वसंत के आगमन के साथ ही पतझड़ की कटु स्मृति को भुलाकर नूतन किसलय एवं पुष्पों से युक्त पादप वृंद इस समय प्रकृति का अद्भुत श्रृंगार करते हुए दिखलाई देते हैं। पशु-पक्षी, कीट-पतंग, स्थावर- जंगम सभी प्राणी नई आशा के साथ उत्साहपूर्वक अपने-अपने कार्यों में लगे दिखाई देते है। ऐसे उत्साहयुक्त समय में वार्षिक काल गणना का श्रीगणेश करते हुए नूतनवर्ष का स्वागत सहज ही प्रतीत होता है। विक्रम संवत आज तक भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार बना हुआ है। सबसे बड़ी विशेषता इस कैलेंडर की यह है कि यह वैज्ञानिक रूप से कालगणना के आधार पर बना हुआ है। यही नहीं यूनानियों ने नकल कर भारत के इस हिंदू कैलेंडर को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैलाया। भले ही आज दुनिया भर में अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन बहुत अधिक हो गया हो लेकिन भारतीय कैलेंडर की महत्ता कम नहीं हुई। आज भी हम अपने व्रत-त्योहार, महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि, विवाह व अन्य सभी शुभ कार्यों को करने के मुहूर्त आदि भारतीय कैलेंडर के अनुसार ही देखते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही वासंती नवरात्र भी प्रारंभ होते हैं। सबसे खास बात इसी दिन ही सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। ताज्जुब होता है जिस भारतीय कैलेंडर ने दुनिया भर के कैलेंडर को वैज्ञानिक राह दिखाई आज हम उसे ही भूलने लग गए हैं। भारतीय हिंदू नववर्ष के दिन हम शुभकामनाएं देने से हिचकिचाते हैं शायद इसलिए की कहीं हम पर रूढ़ीवादी का टैग न लग जाए। जबकि अपनी संस्कृति संस्कारों का अनुसरण करना रूढ़िवादिता नहीं। यह तो वह बहुमूल्य धरोहर है जिससे एक तरफ पूरा विश्व सीख रहा है तो दूसरी ओर हम इस धरोहर को खोते जा रहे हैं। दुनिया को राह दिखाने वाली संस्कृति आज खुद राह से भटकने को मजबूर है। भले ही आज सोशल मीडिया पर हिंदू नववर्ष को मनाने के लिए हम सब संदेशों को प्रचारित प्रसारित कर रहे हों लेकिन हकीकत में उस दिन को भूल जाते हैं। नवसंवत हमारी संस्कृति से जुड़ा है। हम कितनी भी बुलंदियां छू लें, लेकिन अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। कुछ लोग नवसंवत के महत्व को नहीं समझते। अपने धर्म व संस्कृति के उत्सवों को मनाने का सभी में लगाव होना चाहिए। हमारे महापुरुषों व वीर योद्धाओं ने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए बहुत बलिदान दिया है क्या वह बलिदान इसलिए ही दिया था की एक दिन हम अपनी संस्कृति व धर्म को ही भूल जाएं। वास्तव में, विक्रम संवत न सिर्फ एक मान्यता है, बल्कि खगोलीय गतिविधियों को भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रमाणित करता है।

विदेशी परंपराओं से परे अपनी भारतीय संस्कृति की इस अनमोल धरोहर व सटीक गणितीय गणना वाले विक्रम संवत का नई पीढ़ी में भी सही जानकारी के साथ प्रचार-प्रसार होना चाहिए। हर्षोल्लास के साथ हिंदू नव वर्ष मनाया जाना चाहिए। अपनी संस्कृति से जुड़कर ही हम देश व समाज के लिए कुछ सकते हैं।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## परिवार का परिवेश

**विजय गर्ग**

**भटकने को** तो कहीं भी भटक लो, लेकिन भटकते-भटकते एक समय ऐसा भी आता है कि जब घर की याद सताने लगती है। जितना सुकून हमें अपने घर में मिलता है, बाहरी दुनिया में नहीं मिलता। लेकिन हमारे जीवन क्रम में अनेक अवसरों पर ऐसे योग-संयोग बन जाते हैं कि हमें बाहरी दुनिया से रूबरू होने का अवसर मिल जाता है। अजनबी जगह जाने पर कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हम अपनी जरूरतों के लिए अन्य लोगों पर निर्भर रहते हैं। यह बड़ी अजीब बात है कि रोजमर्रा की जीवनशैली से भी हम कभी न कभी उकता जाते हैं। बोलचाल की भाषा में कहें तो हवा बदलने की तलब लगने लगती है। विचार आता है कि कहीं तीर्थाटन चलें या कहीं पर्यटन पर पर्यटन वैसे भी ज्ञान का एक खास स्रोत है और इससे कौन समृद्ध नहीं हुआ है! कभी-कभी देश की सीमा से पार जाकर दुनिया देखने की हूक भी उठती है, जिसके चलते गाढ़े परिश्रम से अर्जित धन को खर्च करने में भी हम हिचकते नहीं नए परिवेश में जाकर हमें अपनी सामान्य दिनचर्या में कुछ आवश्यक तब्दीलियां भी करनी पड़ती हैं। आखिरकार नए लोग और नई दिनचर्या तथा जीवनशैली के प्रति हमारा आकर्षण चाहे कितना भी प्रबल हो, लेकिन रह-रहकर घर की याद सताने लगती है और हम एक निश्चित अंतराल से अपने घर की ओर लौट जाते हैं। हर एक छोटी-बड़ी यात्रा हमें अपने जीवन में नई सीख देती है। नए-नए लोगों से मिलना, उनके रहन-सहन और खानपान के साथ-साथ आचार-विचार और व्यवहार का अध्ययन करना हमें बहुत कुछ सिखा देता है। हर किसी की अपनी घर की दुनिया होती है, जिस पर सभी लोग गर्वित होते हैं। वहां भांति-भांति के रिश्तों की डोर से हम बंधे होते हैं। लेकिन यह बंधन हमें निरंतर नई ऊर्जा और प्रेरणा से सराबोर रखता है। परिवार में हम अलग-अलग संबोधन से जाने जाते हैं। हर एक संबोधन की गरिमा का हमें विशेष खयाल रखना होता है। आमतौर पर हम रखते ही हैं। परिवार के किसी सदस्य की छोटी से छोटी उपलब्धि पर भी हम प्रसन्नता से भर जाते हैं। सदस्य विशेष के विकट दौर में हम गहरे अवसाद में डूब जाते हैं। परस्पर एक दूजे का दर्द समझते हुए उसे दूर करने का हर संभव प्रयास भी किया करते हैं। हम अपने परिवार के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन विशुद्ध रूप से कर्तव्य भाव से ही करते हैं। जब हम अपने कर्तव्यों का भलीभांति पालन कर चुके होते हैं, तब अंतर्मन में असीम संतुष्टि का बोध होने लगता है। परिवार से मिली ऊर्जा हमें थकने नहीं देती। इन तमाम संदर्भों में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि परिजनों में परस्पर वैचारिक सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में हम निरंतर प्रयत्नशील रहें। बहुत स्वाभाविक है कि हर एक सदस्य की अपनी अलग विशिष्ट विचारधारा हो सकती है। सबकी अपनी-अपनी भूमिका होती है या फिर वक्त के साथ वे नई भूमिकाएं चुनते हैं। किसी भी विषय को अपनी बुद्धि और विवेक के आधार पर अलग-अलग नजरिए से देखा जाना भी बहुत स्वाभाविक होता है।

## विचार

## हिन्दू नवसंवत्सर २०८१ का स्वागत करें

**डा.मनमोहन प्रकाश**

**चैत्र मास** के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से (९ अप्रैल २०२४ ) विक्रम संवत २०८१ प्रारंभ हो रहा है( विक्रमादित्य ने अपना नाम पर संवत्सर की शुरूआत की )। हिन्दू इस तिथि से नव संवत्सर/नये साल की शुरूआत मनाते हैं। सनातन संस्कृति में आस्था और विश्वास रखने वालों के लिए यह दिन विशिष्ट है क्योंकि ऐसी मान्यता है कि इस दिन/तिथि पर ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई, भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया,प्रभु श्रीराम ने बाली का बध किया, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का राज्य अभिषेक हुआ तथा चैत्र नवरात्रि(देवी अराधना के नौ दिन) तथा चैत्री पंचांग भी इस दिन से ही आरंभ होता है इस दिन को नव वर्ष, गुड़ी पड़वा, उगादी, चेटीचंड, चित्रेश तिरुविषा के रूप में एक त्यौहार की तरह मनाते हैं।

पिछला विक्रम संवत २०८० जहां याद किया जायेगा भारत के चहुंमुखी विकास के लिए उसके बढ़ते कदम के लिए, एशियन गेम्स तथा अंतरराष्ट्रीय खेलों में बढ़ती सफलता के लिए, जी-20,पी-20, चन्द्रयान मिशन-3, आदित्य एल-1की सफलता के लिए,अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बढ़ते प्रभाव के लिए,नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए,रेल आधुनिकरण के प्रतीक के रूप में अमृत भारत,वंदे भारत,नमो भारत ट्रेनों की बढ़ती संख्या के लिए , हवाई अड्डों के आधुनिकरण के साथ बढ़ती संख्या के लिए, मेट्रो के विस्तार के लिए, विस्तार लेते कोरिडोर और सड़कों के लिए, पर्यटन स्थलों (विशेष कर धार्मिक) के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए,सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता तथा निर्यात की ओर बढ़ते कदम के लिए, विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए तेज होते प्रयास के लिए,दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले लोकतांत्रिक देश के लिए,संसद में समर्थन प्राप्त करते भारतीय नागरिक संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023, भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023, महिला आरक्षण विधेयक 2023,नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023,जन विश्वास संशोधन विधेयक 2023 आदि के लिए, शहरों, रेलवे स्टेशन, स्टेडियम, एयरपोर्ट, द्वीपों, सड़कों के भारतीय नामकरण के लिए ,साथ ही भ्रष्टाचार, नक्सलवाद , आतंकवाद को समाप्त करने के लिए संकल्पित भारत के लिए।अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन तथा कल्की धाम मंदिर निर्माण शिलान्यास भी सनातनियों के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है।बहुत सारी अन्य उपलब्धियों भी पिछले संवत्सर में अर्जित की हैं जिन पर प्रत्येक भारतीय अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है।देश में कुछ घटनाएं ऐसे भी रही हैं जैसे जम्मू-कश्मीर में होती छुटपुट आतंकी घटनाएं और मुठभेड़, बालापुर ट्रेन हादसा, सिल्क्यारा सुरंग हादसा, मणिपुर हिंसा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और दिल्ली में भारी बारिश तथा तमिलनाडु के मिचौंग तूफान से प्रभावित होते जनजीवन के लिए, एक दिवसीय विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में मिली शर्मनाक हार तथा सड़क दुर्घटनाओं में मौत के बढ़ते आंकड़े आदि जिन्हें हर भारतीय भूलाना चाहेगा, संवत्सर २०८१में पुनः नहीं देखना चाहेगा। पिछले संवत्सर (२०८०) की कुछ चुनौतियां इस संवत्सर (२०८१) में भी भारतीयों को परेशान कर सकती हैं, जिनका हल ढूंढ़ने के लिए राज्य और केंद्र की सरकारों को ईमानदार प्रयास करना होगा जैसे गरीबी, बेरोजगारी को कैसे कम किया जाए?, महंगाई पर कैसे काबू पाया जाए ?, पर्यावरण प्रदूषण को कैसे कम किया जाए? भ्रष्टाचार को कैसे रोका जाए?, अपराध को कैसे कम किये जाए ?, प्रत्येक दिन-दुखी,गरीब, वंचित,आरक्षित लोगों तक सरकारी कल्याण कारी योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचाया जाए?, उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को और बेहतर कैसे बनाया जाए ?, एआई के दुरपयोग को कैसे रोका जाए तथा उससे उपजी संभावनाओं का कैसा लाभ लिया जाए ? तथा डीप-फेक से भविष्य में कैसे निपटा जाए ? आदि संवत २०८१ में देशवासियों की निगाह रहने वाली हैं लोकसभा के चुनाव परिणामों पर, आगामी पांच वर्षों के लिए गठित होने वाली केन्द्र सरकार पर।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाशं प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## स्वस्थ नागरिक सशक्त राष्ट्र

**संजीव**

**मानव** जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है" मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है" इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है" मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है" समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है" इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है" इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके" यह राष्ट्र को एक प्रतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है' इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है' इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा' फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक सरकार संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रमक बीमारियों बढ़ने की दर 55% हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है।

## नए जमाने की कूटनीति

**डॉ. सुरेश कुमार**

**राजनीति** शास्त्र की कक्षा चल रही थी। प्रोफेसर ने एक छात्र से पूछा मैंने तुम्हें इतने दिनो तक पढ़ाया है। अब बताओ तुम क्या बनना चाहते हो? छात्र ने आत्मविश्वास के साथ कहा राजनीतिक विपक्ष! राजनीतिक विपक्ष? यह कैसा प्रोफेशन है? मैंने तो राजनीतिक विश्लेषक के बारे में पढ़ाया था। राजनीतिक विषक तो राजनीति में विष फैलाने वाला होता है। वही तो मैं यही करना चाहता हूँ। आजकल यही सब तो हो रहा है। आपने मुझे सिद्धांतों के नाम पर राजनीति का सबसे उबाऊ पाठ पढ़ाया है। मैं आपको समझाता हूँ कि राजनीति होती क्या है और उसमें विषक बनने के क्या लाभ हैं? क्या विषक बनने से लाभ होता है? कहीं तुम्हारा दिमाग खराब तो नहीं हो गया है? बिल्कुल नहीं। विषक बनकर नाम का नाम और ऊपर से दाम कमा सकते हैं। वह कैसे? देखिए सर! सबसे पहले एक साफ पानी वाला राज्य ढूँढकर उसमें दुनियाभर के षड्यंत्रकारी विचारों की गंदगी मिला देनी चाहिए। गंदगी अच्छे से मिक्स हो जाए इसके लिए उसे बार-बार फेंटना चाहिए। जब यह अच्छे से मिल जाए तब लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाना चाहिए। बेसिर पैर की बातों से कन्फ्यूजन पैदा कर सिर के बाल नोचवाने के लिए नए-नए करतब करवाना चाहिए। स्थिति ऐसी हो जानी चाहिए कि जनता एक-दूसरे से लड़ने लगे और अपने ही भाई-बंधुओं का खून बहाकर चैन की नींद सो सकें। जब जनता अपनी सुध-बुध गंवाकर यह समझ न पाए कि कौन अपना है और कौन पराया तभी अच्छे को बुरा और बुरे को अच्छा बताकर उनका माइंड वाश करना चाहिए। उन्हीं के मुँह से चींटी को हाथी और हाथी को चींटी कहलवाना चाहिए। तब वे हमारे बताए उम्मीदवार को झक मारकर जिताएँगे। इसी को कहते हैं राजनीतिक विषक। विश्लेषक का काम दूध का दूध और पानी का पानी करना होता है जबकि राजनीतिक विषक का काम दूध का जहर और पानी का गटर करना होता है। जब हम इस कला में निपुण हो जाते हैं तब हर राज्य हमें सामने से बुला-बुलाकर यही काम करने के लिए ऑफर देने लगेंगे। तब रुपए-पैसों का इतना अंबार लगेगा कि गिनने के लिए हमारा गणित भी हाथ खड़े कर देगा।

# मेकअप करें सावधानी से



नारी के व्यक्तित्व को निखारने और उसे आकर्षक रुप प्रदान करने में जहा वस्त्रों, आभूषणो का महत्वपूर्ण स्थान है, वहीं सही ढंग से किया गया मेकअप भी नारी के सौंदर्य को और आर्कषक रुप प्रदान करता है। मेकअप करना एक कला है और हर कोइ इस कला में निपुण हो यह आवश्यक नहीं किंतु थोड़े सा अभ्यास और मेकअप के बारे में सही जानकारी आप को भी मेकअप करने की कला में अभ्यस्त कर देगी। आवश्यकता तो मात्र आपकी लगन और आप के निरंतर अभ्यास की है।

**मेकअप करते समय ध्यान देने योग्य बातें–**

- मेकअप ऐसा करें जो प्राकृतिक दिखे।
- चेहरे के आकार का विशेष ध्यान रखें।
- मेकअप अवसर और समय के अनुसार करें।
- चेहरे के दाग -धब्बों का भी ध्यान रखें।
- घटिया क्वालिटी के सौंदर्य प्रसाधनो के प्रति जागरुक रहें।

**मेकअप के प्रयोग विधी–**

- सर्वप्रथम क्लींजिंग मिल्क से भली प्रकार त्वचा को साफ करें।
- टोनर या एस्ट्रींजैंट का सहायता से भी त्वचा साफ कर सकती हैं।
- अपनी त्वचा के रंग का फाउंडेशन उंगलियों के पोरों से त्वचा पर अच्छी तरह लगाएं।
- इसके उपरांत फेस पाउडर करके हल्का सा ट्रांस्युलैंट लगाएं।
- गालों के साइडों पर पिंक या गुलाबी रंग का ब्लशर लगाएं।
- वस्त्रो के अनुरुप आई शैडो का प्रयोग करें। आईलाइनर तभी लगाएं जब इसकी आवश्यकता हो।
- मस्कारे का प्रयोग पलकों की बरौनियों को घना बनाने के लिए करें।
- ब्रश से होंटो पर लिपस्टिक लगाएं,लिपस्टिक सदैव ऊपरी होंठ के मध्य से आंरभ करें और होंठों की रेखा बनाते हुए बाईं तथा फिर दाई ओर लगाएं। इसी प्रकार नीचे होंठ पर भी बाहरी रेखा बनाएं।

**मेकअप करते समय सावधानियां–**

- दिन के समय आई शैडो का प्रयोग कम करें।
- पार्टी व जन्मदिन के अवसर हल्के रंगो का प्रयोग करें।
- दिन के समय हाईलाइटर का प्रयोग कर सकती हैं।
- दिन के समय फाउंडेशन के स्थान पर केवल कॉम्पैक्ट का प्रयोग करें।
- तैलीय त्वचा के लिए तेल रहित फाऊंडेशन लगाएं।
- फेस पाऊडर का रंग त्वचा के रंग से थोड़ा गहरा प्रयोग करें।
- त्वचा पर ब्लैंडिंग सटीक होनी चाहिएं। पृथक रेखाएं नहीं होनी चाहिएं।
- वस्त्रो से मेल खाते आईलाइनर का प्रयोग करें।

# बादाम पालक परांठा

**सामग्री :** 1 कप आटा, 1/2 कप बेसन, 1/4 कप बारीक कटा बादाम, 1 कप बारीक कटी पालक, 1/4 कप हरा प्याज बारीक कटा, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च कुटी हुई (चिली फ्लैक्स), 1 छोटा चम्मच जीरा, 1/2 छोटा चम्मच सौंफ, स्वादानुसार नमक, चुटकी भर हींग, 1/2 छोय चम्मच गरम मसाला, 2 छोटे चम्मच तेल और आटा गूंथने के लिए दूध।

**विधि :** सभी सामग्री मिलाएं और दूध से गूंथ लें। तवा गर्म करें। गूंथे आटे के पेड़े बना कर बेलें और तवे पर घी लगा कर दोनों ओर से सेंक लें। टमाटर की मीठी चटनी के साथ परोसें। चाहें, तो टमाटर की चटनी में बारीक कटी पालक भी मिला सकती हैं। स्वाद दोगुना हो जाएगा।



# ...ताकि सब रहे तरो-ताजा

अपने रैफ्रिजिरेटर में एक आलू अवश्य रखें। आलू फ्रिज में पकी सब्जियों की गंध एब्जार्ब कर लेता है और फ्रिज में बनने वाली गैसों को भी जिससे फ्रिज में रखी सब्जियां, फल अधिक समय तक ताजे बने रहते हैं। हर कुछ दिन में आलू को बदल दें।



**मैट्रो** शहरों में सभी अपने-अपने कार्यों में इतने व्यस्त रहते हैं कि प्रतिदिन ताजा सब्जी और फल खरीदने के लिए उनके पास समय ही नहीं होता। जीवन में व्यस्तता के कारण वे समय मिलते ही अपने घर-बाहर के कार्यों को इकट्ठा निपटा देना चाहते हैं।

सामान तो इकट्ठा आ गया पर यदि उसे ढंग से संभाल कर न रखा जाए गया तो सामान बेकार तो जाएगा ही, इससे धन और समय दोनों की बर्बादी भी होगी। आइए जानें सब्जियों व फलों को कुछ समय के लिए किस प्रकार ताजा रख सकते हैं।

- सेबों को कभी भी किसी सब्जी या फल के साथ फ्रिज में न रखें। सेब से कुछ इस प्रकार की गैसें उत्सर्जित होती हैं जो अच्छे फल-सब्जियों को नुक्सान पहुंचाती हैं और उन्हें गला देती हैं।



- इसी प्रकार खीरे व ककड़ी के साथ टमाटर को स्टोर न करें। टमाटर भी कुछ गैसों को उत्सर्जित करते हैं जिनसे खीरा व ककड़ी जल्दी खराब हो जाते हैं।
- पनीर को फ्रिज में स्टोर करते समय एयरटाइट कंटेनर में कुछ चीनी के क्यूब भी रख दें ताकि वे पनीर की नमी को सोख सकें। इस प्रकार पनीर को ज्यादा दिनों तक आप ताजा रख सकते हैं।
- अंडों की नुकीली साइड सदा नीचे की तरफ रखें। अंडे ज्यादा दिन तक फ्रैश रहेंगे।
- अपने रैफ्रिजिरेटर में एक आलू अवश्य रखें। आलू फ्रिज में पकी सब्जियों की गंध एब्जार्ब कर लेता है और फ्रिज में बनने वाली गैसों को भी जिससे फ्रिज मे रखी सब्जियां, फल अधिक समय तक ताजे बने रहते हैं। हर कुछ दिन में आलू को बदल दें।
- मूली को कभी भी सीधे फ्रिज में न रखें। उसे किसी बर्तन में पानी भर कर रखें।
- सूजी, मैदा, ड्राईफ्रूट्स (बादाम, काजू, किशमिश) को एयरटाइट डिब्बे में फ्रिज के साइड पर रखें। इससे कीड़ा नहीं लगेगा।
- साबुत दालों को एयरटाइट डिब्बों में दवाइ डाल कर रखें ताकि उनमें कीड़ा न लगे।
- पकी हुई सब्जी को लम्बे समय तक फ्रिज में न रखें। उसे फ्रीजर में एयर टाइट कंटेनर में रखें। बनी हुई सब्जी का प्रयोग 24 घंटों के भीतर कर लें तो अच्छा होता है।
- लहसुन, प्याज को छील कर एयर टाइट कंटेनर में फ्रिज में रख सकते हैं। लहसुन तो आप 10 से 15 दिन तक स्टोर कर सकते हैं, प्याज दो दिन तक।
- गूंधा हुआ आटा तेल या घी का हाथ लगा कर डिब्बे में ढक कर रख सकते हैं या गीला कपड़ा रख कर ऊपर ढक्कन लगा कर भी रख सकते हैं। दो दिन तक आटा काला भी नहीं पड़ेगा और खराब भी नहीं होगा।
- नींबू धो-पोंछ कर पॉलीथीन में पैक कर एक सप्ताह तक रख सकते हैं।

# रूसी से बचने के उपाय



- बालों की जड़ों को छूते हुए, मोटे दांत वाले, उत्तम क्वालिटी के कंघे से नियमित कंघी करें। पांच मिनट तक कंघी करने से बालों में जमा गंदगी त्वचा से छूटेगी।
- कंघी करने के पश्चात गोल दांतों वाले ब्रश से पांच मिनट तक बालों में आहिस्ता-आहिस्ता ब्रश करें। रक्तसंचार तेज होगा।
- कंघी व ब्रश करते वक्त ध्यान रहे कि रूसी चेहरे या खुले अंगों पर न गिरे। बालों को चेहरे के पीछे की तरफ ब्रश करें व जहां-जहां रूसी गिरी हो, उस स्थान को किसी एंटीसेप्टिक की सहायता से पोंछ लें।
- रूसी वाले कंघे व ब्रश को गर्म पानी व साबुन से धो डालें व थोड़ी देर धूप में रखें या एंटीसेप्टिक लगाएं।
- सप्ताह में एक या दो बाद एंटीसेप्टिक तेल से सिर की मालिश करें। मालिश करने के बाद बालों को भाप दें। इससे तेल बालों की गहराई तक जाता है और बालों को पर्याप्त ऑक्सीजन प्राप्त होता है।
- बालों को धोने के बाद हर्बल पैक लगाएं। इस हर्बल पैक से रूसी भी दूर होगी, साथ ही बालों को अतिरिक्त खुराक भी मिलेगा।
- सप्ताह में एक बार गुनगुने तेल में 8-10 बूंदें कैलेंडुला क्यू मिलाकर मालिश करें। तीन-चार घंटे बाद बाल धो लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वार्तालाप में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का ग्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2039



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर, नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणार्थ:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 2038 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ, आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'

□ □ □

सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2039



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है कव्वाली' गीत वाली तुषार, प्रिंसी, अमृता की फिल्म-२
१३. मनोजकुमार, राखी की 'ये आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, कुमन की 'मिलने दे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२२. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेन्द्र, राजश्री की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, अमीषा पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल मेरा यहीं' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजबाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाया' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जोला की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चली बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुषेमा की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर, कमल पॉल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी के पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२३. 'बाबुलंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२६. अक्षय, शर्वरी की 'सिर्फ सड़े को कहती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'पहला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'ओ कागज के लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2038**



## सूडोकु -2039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## शब्द पहेली -2039



**बाएं से दाएं**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाईं-2
11.कहासुनी-3
12.श्री,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तार,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.गद्दी का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारपंच-2
7.घाव,जख्म,दर्द-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.तप्त,तपाव-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महात्मा-2
14.चिमन,राम-3
15.गमन,जाना-2
16.पुन:,वापस-2
17.स्थिर-3
18.सिफारी-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तोता-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

**शब्द पहेली -2038 का हल**





# कृति सेनन

## का क्या है फ्यूचर प्लान? क्रू के बाद फिल्मों को लेकर एक्ट्रेस ने कहा ये



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी शानदार एक्टिंग से हर बार फैंस को खुश करने में माहिर हैं. इस साल एक्ट्रेस ने कुछ ही महीनों के गैप में बड़े पर्दे पर अपनी दो फिल्मों से जलवा बिखेरा है. जिनमें से एक फिल्म में एक्ट्रेस रोबोट बनीं थीं और दूसरी फिल्म में एयर होस्टेस. अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने फैंस को बताया है वो फ्यूचर में किस तरह का रोल करना चाहती हैं.

**एक्शन फिल्में हैं अगला टार्गेट**

पिंकविला के इंटरव्यू में नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस कृति से जब ये सवाल किया गया कि वो आगे फिल्मों में कैसे रोल करना पसंद करेंगी. इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा –मुझे एक्शन रोल को और एक्सप्लोर करना है लेकिन मैं आगे क्या करने वाली हूं ये सब मैंने भगवान के प्लान पर छोड़ा हुआ है.एक्ट्रेस ने आगे कहा- मैं चाहें कितनी भी बार भगवान से कुछ मांग लूं, लेकिन हर बार भगवान के पास मेरे लिए एक अच्छा ऑप्शन तैयार रहता है. एक्शन फिल्मों पर हामी भरते हुए एक्ट्रेस ने अपने इच्छा अनुसार रोल के बारे में बात की. उन्होंने बताया – इस बार अगर कोई एक्शन फिल्म उन्हें ऑफर होती है तो वो उसमें कैटवुमैन या फिर वंडर वुमेन जैसा रोल प्ले करना चाहेंगी.एक्ट्रेस ने कहा- मैं सिल्क सूट में तैयार होना चाहती हूं. अपने रोल के बारे मे बताते हुए एक्ट्रेस बोलीं- कहीं तो मेरी हाईट काम आनी चाहिए.

**काजोल के साथ है अगली फिल्म**

बॉलीवुड की एक्शन फिल्मों में एक्टर्स की कास्टिंग पर कृति ने कहा- ज्यादातर एक्शन फिल्म काफी हाई बजट वाली होती हैं. ऐसी फिल्मों में आपको ज्यादातर मेल एक्टर्स ही नजर आएंगे. मेकर्स का मानना है कि ऐसी फिल्मों में एक्ट्रेसेज को मेन रोल नहीं दिया जाता.कृति ने कहा- फिल्म मेकर्स को ये सोच बदली चाहिए. बता दें एक्ट्रेस की इस साल रिलीज हुई फिल्म क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर पहले हफ्ते में ही 44 करोड़ की कमाई कर ली थी. वहीं उनकी दूसरी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में एक्ट्रेस की रोबोटिक एक्टिंग को खूब पसंद किया गया था.बात करें कृति की अपकमिंग फिल्म की तो वो दो पत्ती फिल्म में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म में उनके साथ काजोल और शहीर शेख भी लीड रोल में नजर आएंगे.

## 'मुझे बुरा लगता है लेकिन...',

# रवीना टंडन

## की बेटी राशा ने ट्रोल होने पर तोड़ी चुप्पी



रवीना टंडन 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं. हाल ही में उनकी फिल्म 'पटना शुक्ला' ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हुई है. इसी बीच उनकी 19 साल की बेटी राशा थडानी भी बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं. खबरों की मानें तो राशा, अमन देवगन के साथ फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं.

इन खबरों के बीच राशा ने एक इंटरव्यू में ट्रोलिंग पर खुलकर बात की है. बातचीत में उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि आखिर वो कैसे ट्रोलिंग का सामना करती हैं.इंटरव्यू में राशा ने कहा कि वो खुद को खुशनसीब मानती हैं क्योंकि उन्हें अभी तक इतना ट्रोल नहीं किया गया है. उन्होंने अपनी बात को पूरा करते हुए कहा मान लीजिए अगर अपका दिन 100% है और किसी वजह से उस सौ परसेंट में से 3% खराब हो जाए, तो इस 3% की वजह से बाकी 97% को बर्बाद नहीं करना चाहिए.

**ट्रोलिंग पर राशा थडानी ने क्या कहा ?**

ट्रोलिंग पर बात करते हुए राशा ने कहा, अगर उन्हें किसी चीज को लेकर ट्रोल किया जाता है, तो पहले वो उस चीज को प्रोसेस करती हैं, फिर उनको उस चीज के लिए बुरा भी लगता है. लेकिन वह इन सब बातों को भूलकर आगे बढ़ने में विश्वास रखती हैं. बातचीत में उन्होंने बताया कि अपनी बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए वो हर दिन मेडिटेशन करती हैं. जब आप सिर्फ खुद के साथ होते हैं, तो आप अपनी सोच और फीलिंग को समझ पाते हैं और यही आपको एक बेहतर इंसान बनाता है.

**राशा थडानी की आने वाली फिल्म**

मिली जानकारी के अनुसार राशा थडानी जल्द अपना बॉलीवुड डेब्यू करेंगी. फिल्म में राशा के साथ अमन देवगन भी लीड रोल में होंगे. हालांकि, पिक्चर का नाम अभी तक फाइनल नहीं किया गया है.

## 'मुझे तलाक का डर नहीं था', आमिर खान संग अलग होने के फैसले पर किरण राव का नया खुलासा



बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान बीते कुछ महीनों से अपने काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. आमिर और उनकी एक्स वाइफ किरण राव के रिश्ते को लेकर तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं. दोनों अलग होने के बाद भी एक साथ नजर आते हैं और दोनों एक-दूसरे को खुलकर सपोर्ट भी करते हैं. किरण राव अक्सर अपने और आमिर के तलाक को लेकर खुलकर बात करती हुई नजर आती हैं. हाल ही में किरण ने एक और खुलासा किया है.क्व्रट को दिए गए एक इंटरव्यू के दौरान किरण राव ने आमिर खान संग अपने तलाक के बारे में खुलकर बात की. किरण से तलाक पर उनके डर को लेकर सवाल किया गया. जिसका जवाब उन्होंने बेहद खुलकर दिया. किरण बोलीं, मुझे तलाक का डर नहीं था. मैंने इसके बारे में अपना पूरा समय लिया, इसलिए मुझे इसके बारे में कोई चिंता नहीं थी. किरण ने अपने और आमिर के रिश्ते की मजबूती पर जोर दिया.

करण की मानें तो वह जानती थीं कि वह दोनों गहराई से जुड़े हैं. दोनों एक-दूसरे का सम्मान और प्यार करते हैं. आमिर की एक्स वाइफ ने अपनी बात को पूरा करते हुए आगे कहा कि मुझे पता था कि मुझे अपने स्पेस की जरूरत है और मैं स्वतंत्र रूप से रहना चाहती थी. मुझे लगा कि ये मेरी ग्रोथ के लिए बेहतर है. आमिर ने भी इसे स्वीकार किया और सपोर्ट किया, जिससे सच में काफी मदद मिली.

किरण से आगे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि शादी पर दोबारा सोचना चाहिए, तब किरण ने कहा कि उन्हें हमेशा ऐसा लगता है. वो और आमिर शादी करने से पहले एक साल तक साथ रहे थे. क्योंकि उनके पैरेंट्स ऐसा चाहते थे. और उस वक्त भी, उन्होंने माना कि शादी फायदेमंद हो सकती है अगर इसमें दोनों अलग-अलग और कपल के तौर पर अच्छे से काम करें.

## 'बहुत भूख लगी है, कुछ खाने को दे दो', जब विद्या बालन को कॉफी शॉप के बाहर मांगनी पड़ गई थी भीख



बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस विद्या बालन ने हमेशा अपने काम को लेकर खूब तारीफें बटोरी हैं. विद्या उन अदाकाराओं में से एक हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत और अपने टेलेंट के दम पर दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है. एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज की हैं. उनकी एक्टिंग के लाखों लोग मुरीद हैं. अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई दमदार किरदार बड़े पर्दे पर खूबसूरती के साथ पेश किए हैं.विद्या अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं. वह हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय भी रखती हैं. आज उनकी अपकमिंग फिल्म दो और दो प्यार का ट्रेलर रिलीज हुआ है. ये फिल्म 19 अप्रैल को थिएटर में आने वाली है. लेकिन उनकी इस फिल्म की रिलीज से पहले हम आपके साथ उनका एक पुराना किस्सा शेयर कर रहे हैं. एक बार विद्या बालन ने ऐसी आफत मोल ले ली थी कि उन्हें कॉफी शॉप के बार भीख तक मांगनी पड़ गई थी.

**कॉफी शॉप के बार मांगनी पड़ी भीख**

विद्या काफी बिंदास और बेबाक हैं. उन्हें चैलेंजिज् काफी पसंद हैं. तो हुआ यूं कि एक बार उन्हें किसी ने एक चैलेंज दिया. विद्या ने फट से उसे एक्सेप्ट भी कर लिया. ये चैलेंज था भीख मांगने का. लेकिन एक्ट्रेस ने बड़ी ही खुशी के साथ इसे करने के लिए हामी भर दी. ये किस्सा खुद विद्या बालन ने शेयर किया था. मैशेबल इंडिया को विद्या ने बताया था कि वह इंडियन म्यूजिक ग्रुप की एक कमेटी का हिस्सा थीं. परफॉर्मेंस के बाद वह पूरे ग्रुप के साथ घूमने के लिए निकल पड़ती थीं.

उसी दौरान उनके ग्रुप के एक शख्स ने उन्हें चैलेंज कर दिया कि उन्हें कॉफी शॉप पर जाकर लोगों से कहना है कि बहुत भूख लगी है, कुछ खाने को दे दो. विद्या ने जो कहा वो करके भी दिखाया. वह कॉफी शॉप पर गईं और दरवाजा खटखटाते हुए भीख मांगने लगीं. विद्या ने कहा कि,मैं खड़े होकर कह रही थी कि कुछ खाने को दे दो प्लीज, कल से कुछ नहीं खाया है. भूख लगी है. उन लोगों पता भी नहीं चला कि मैं एक्टर हूं.

**छोटी सी चीज़ के लिए बन गईं थी भिखारी**

विद्या के ऐसा करने के बाद उनके दोस्त शर्मिंदा होने लगे थे और शॉप के लोग परेशान. आपको जानकर हैरानी होगी कि विद्या ने भीख मांगने की शर्त सिर्फ एक बिस्किट के लिए मानी थी. एक बार तो विद्या भिखारी का लिबास पहनकर हैदराबाद के रेलवे स्टेशन के बाहर जाकर बैठ गईं थीं. उनकी उस वक्त एक फोटो भी काफी वायरल हुई थी.

## भुवनेश्वर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पिछले 24 घंटों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी हुई है. 7 अप्रैल 2024 को पेट्रोल की कीमत 101.06 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है. ओडिशा के कटक शहर की बात करें तो यहां पिछले 24 घंटों में ईंधन की दरें अपरिवर्तित बनी हुई है। 7 अप्रैल 2024 को पेट्रोल की कीमत 101.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.97 रुपये प्रति लीटर हो गई है.

**भारत के प्रमुख शहरों में पेट्रोल की कीमतें इस प्रकार दर्ज की गई हैं:**

दिल्ली में 94.72 रुपये प्रति लीटर
रु. कोलकाता में 103.94 प्रति लीटर
रु. मुंबई में 104.21 प्रति लीटर
रु. चेन्नई में 100.75 प्रति लीटर
-भुवनेश्वर में 101.06 रुपये प्रति लीटर



भारत के प्रमुख शहरों में डीजल की कीमतें इस प्रकार दर्ज की गई हैं:
रु. दिल्ली में 87.62 प्रति लीटर
रु. कोलकाता में 90.76 प्रति लीटर
रु. मुंबई में 92.15 प्रति लीटर
रु. चेन्नई में 92.34 प्रति लीटर
-भुवनेश्वर में 92.64 रुपये प्रति लीटर

## वोडाफोन आइडिया 2,075 करोड़ रुपये में आदित्य बिड़ला समूह इकाई को शेयरों का तरजीही मुद्दा जारी करेगी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के मिशन ने गजा के सबसे बड़े अस्पताल अल-शिफा का दौरा कर वहां की ताजा स्थिति का जायजा लिया। मिशन ने पाया कि कभी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ रहा यह सबसे बड़ा अस्पताल खाक में बदल चुका है और वहां कई शव पड़े मिले। उल्लेखनीय है कि दो सप्ताह के सैन्य ऑपरेशन के बाद इजराइली सुरक्षा बल गजा सिटी के अल-शिफा अस्पताल से बाहर आए थे। जिसके बाद शुक्रवार को काफी कोशिशों के बाद डब्लूएचओ का मिशन अस्पताल में दाखिल हो पाया। डब्लूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनहोम गेब्रेयसिस ने एक्स पर ट्वीट कर अस्पताल के हालात की जानकारी देते हुए बताया है कि डब्लूएचओ और उसके सहयोगी अल-शिफा पहुंचने में कामयाब रहे जो कभी गजा के स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ था। ताजा घटनाक्रम के बाद ये इंसानों की कब्रों का खंडहर है। अस्पताल कॉम्प्लेक्स का अधिकतर हिस्सा नष्ट हो चुका है और ज्यादातर सामान खाक में बदल चुके हैं। डब्लूएचओ टीम को मिशन के दौरान कम-से-कम पांच शव मिले। टेड्रोस ने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा है कि पिछले साल अस्पताल पर इजराइल के पहले हमले के बाद अल-शिफा में बुनियादी सेवाओं को पुनर्जीवित करने के डब्लूएचओ और अन्य सहायता समूहों द्वारा किए गए प्रयास बेकार हो गए हैं और लोग एक बार फिर जीवनरक्षक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो गए हैं। टेड्रोस ने कहा कि गाजा में तत्काल कार्यवाही की जरूरत है क्योंकि अकाल मौत का खतरा मंडरा रहा है, बीमारी फैल रही है।

# उच्च प्रदर्शन निदेशक हरमन क्रूज़ के संरक्षण में पूर्व हॉकी गोलकीपरों और ड्रैग-फ्लिकरों ने लिया प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** देश भर में कोचिंग पद्धतियों को मानकीकृत करने और हॉकी प्रतिभा की अगली पीढ़ी का पोषण करने के उद्देश्य से हॉकी इंडिया की अनूठी पहल में, पूर्व हॉकी गोलकीपरों और ड्रैग-फ्लिकरों ने साई बेंगलुरु में उच्च प्रदर्शन निदेशक हरमन क्रूज़ के संरक्षण में गहन प्रशिक्षण लिया।

कोचिंग में एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार किए गए इस कार्यक्रम में भारत के प्रतिष्ठित पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकटे, पीटी राव और प्रतिष्ठित ड्रैग-फ्लिकर संदीप सिंह, गुरजिंदर सिंह, जसजीत रघुनाथ और जसप्रीत कौर की भागीदारी देखी गई। हरमन क्रूज़ की निगरानी में, इन दिग्गजों ने अपने कोचिंग कौशल को गोलकीपिंग और ड्रैग-फ्लिकिंग में नवीनतम तकनीकों और कार्यप्रणाली से निखारा। इसका उद्देश्य कोचिंग दृष्टिकोण को सुव्यवस्थित करना है, जिससे देश भर के एथलीटों को, विशेष रूप से जमीनी स्तर पर, समान बुनियादी बातों और कौशल सीखने में सक्षम बनाया जा सके, जिससे प्रशिक्षण मानकों में एकरूपता को बढ़ावा मिले। हरमन क्रूज़ ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, यह



कार्यक्रम प्रतिभा को पोषित करने और कोचिंग पद्धतियों को मानकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पूर्व हॉकी आइकनों को उन्नत कोचिंग तकनीकों से लैस करके, हम उन्हें भारतीय हॉकी के भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बना रहे हैं। यह सहयोगात्मक प्रयास न केवल कोचिंग की गुणवत्ता को बढ़ाएगा बल्कि इसमें सुधार भी करेगा।

इसके अलावा, उनके प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद, इन अनुभवी प्रशिक्षकों को गहन 3-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए पूरे भारत में प्रमुख राष्ट्रीय अकादमियों में तैनात किया जाएगा। यह रणनीतिक तैनाती यह सुनिश्चित करती है कि उनकी विशेषज्ञता पूरे देश में साझा की जाए, जिससे खेल में उत्कृष्टता हासिल करने की इच्छा रखने वाले युवा एथलीटों को लाभ होगा। विशेष रूप से, यह ऐतिहासिक विकास हॉकी इंडिया की हाल ही में घोषित पहल के अनुरूप है, जो युवा ड्रैग-फ्लिकर और गोलकीपरों को लक्षित करने वाले विशेष कोचिंग के माध्यम से भारतीय हॉकी के भविष्य में निवेश करना चाहता है। जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान और निखार को प्राथमिकता देकर, हॉकी इंडिया का लक्ष्य प्रतिभा पाइपलाइन को मजबूत करना है, जिससे देश की प्रतिष्ठित हॉकी टीमों में कुशल खिलाड़ियों की निरंतर आमद सुनिश्चित हो सके।

## आर्टिस्टिक तैराकी विश्व कप के पहले दिन चीन का दबदबा, जीते 3 स्वर्ण

**बीजिंग।** चीनी कलात्मक तैराकों ने यहां नेशनल एक्वाटिक सेंटर में वर्ल्ड एक्वेटिक्स आर्टिस्टिक स्विमिंग वर्ल्ड कप 2024 के पहले चरण के पहले दिन चार में से तीन स्वर्ण पदक जीते। महिला एकल तकनीकी में चीन की जू हुइयान ने 244.9183 अंकों के साथ जीत हासिल की, जबकि तटस्थ अंतरराष्ट्रीय एथलीट वासिलिना खांडोशका और अरूबा की कायरा हैवेर्डेज़ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। जू और उनके साथियों ने



उपविजेता ऑस्ट्रेलिया से 21.1569 अंक आगे रहते हुए टीम तकनीकी खिताब भी जीता। स्पर्धा का कांस्य कजाकिस्तान को मिला। मिश्रित युगल तकनीकी स्पर्धा में, चीनी युवा जोड़ी जी हेयू और गुओ मुये ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कजाकिस्तान और स्पेन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। स्पेन के जोर्डी कैसरेस इलेसियस ने 190.8916 अंकों के साथ पुरुष एकल तकनीकी खिताब जीता। चीन के गुओ ने रजत पदक जीता, उसके बाद इटली के फिलिप्पो पेलाती ने तीसरा स्थान हासिल किया। बीजिंग में तीन दिवसीय विश्व कप में दुनिया भर की 14 टीमों के लगभग 100 विशिष्ट कलात्मक तैराक प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन सभी 11 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेगा, इसके शीर्ष तैराक टीम फ्री पर ध्यान केंद्रित करेंगे और इसके दूसरे स्तर के एथलीट अन्य 10 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

## विराट कोहली ने आईपीएल के अब तक के 'सबसे धीमे' शतक की आलोचना की

**जयपुर।** विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रिकॉर्ड आठवां आईपीएल शतक लगाकर कई मील के पत्थर पार कर लिए। उनका 113 लीग में स्टार बल्लेबाज का संयुक्त सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। अपनी पारी के दौरान, विराट कोहली आईपीएल में 7500 का आंकड़ा पार करने वाले पहले बल्लेबाज भी बने। इन सभी रिकॉर्डों के अलावा, एक और उपलब्धि थी - भूलने योग्य - यह कोहली की बराबरी थी। कोहली का शतक 67 गेंदों में आया, जो अब तक का संयुक्त सबसे धीमा आईपीएल शतक है, उन्होंने मनीष पांडे की बराबरी की, जिन्होंने 2009 में सेंचुरियन में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ आरसीबी के लिए 67 गेंदों में शतक लगाया था। शतक बनाने के बाद, विराट कोहली ने कहा कि उन्हें लगता है कि विपक्षी गेंदबाज चाहते हैं कि जब भी वह बल्लेबाजी के लिए आएं तो उन पर जोरदार हमला किया जाए, लेकिन वह बिना किसी पूर्व निर्धारित रणनीति के मैच की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना पसंद करते हैं, जैसा कि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने नाबाद शतक में किया था। शनिवार को आईपीएल मैच.कोहली ने अपने आठवें आईपीएल शतक में 12 चौके और चार छक्के लगाए - 72 गेंदों पर नाबाद 113 रन बनाए, लेकिन आरसीबी 3 विकेट पर 183 रन ही बना सकी, क्योंकि कोहली सहित किसी भी बल्लेबाज ने उस ट्रैक पर बहुत तेजी नहीं बनाई, जहां राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल थे। और रविचंद्रन अश्विन कठिन प्रस्ताव साबित हुए। कोहली ने आरसीबी की पारी के बाद आधिकारिक प्रसारक से कहा, विकेट बाहर से काफी अलग दिखता है। ऐसा लगता है कि यह सपाट है, लेकिन गेंद पिच में टिकी हुई है, तभी आपको गति में बदलाव का एहसास होता है। कोहली ने शुरू से ही गेंदबाजों के पीछे न जाने की रणनीति का भी बचाव किया।

## प्रीमियर लीग ब्राइटन पर जीत के साथ, आर्सेनल शीर्ष स्थान पर पहुंच गया

**ब्राइटन।** बुकायो साका, काई हैवर्ट्ज़ और लिएंड्रो ट्रॉसार्ड के गोल ने आर्सेनल को ब्राइटन एंड होव एल्बियन पर 3-0 से प्रभावशाली जीत दिलाई। एक जीत के साथ, गनर्स ने प्रीमियर लीग तालिका में शीर्ष स्थान पुनः प्राप्त कर लिया है। ब्राइटन खेल से पहले अपने पिछले 12 लीग मैचों में अजेय थे, लेकिन पहली सीटी से आर्सेनल ने मैच के बीच बनाया, और गैब्रियल जीसस के फाउल के बाद साका ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया, जिससे इनाम मिला। हैवर्ट्ज़ ने दूसरे हाफ में जोर्जिन्हो के क्रॉस से लाभ को दोगुना कर दिया, इससे पहले ट्रॉसार्ड ने ब्रेकअवे तीसरे के साथ अंत में चमक जोड़ दी। आर्सेनल ने तेज शुरुआत की और उसे 63 सेकंड के भीतर आगे बढ़ना चाहिए था, लेकिन मार्टिन ओडेगार्ड की फ्री-किक के गैब्रियल गोल करने में सफल रहा। साका ने सुदूर कोने से दूर तक शॉट मारा और गैब्रियल जीसस को बार्ट वेरब्रुगेन के एक मजबूत स्टॉप द्वारा अस्वीकार कर दिया गया क्योंकि आर्सेनल ने जांच जारी रखी, और गनर्स ने आधे घंटे के निशान के तुरंत बाद सफलता हासिल की। हाफ-टाइम से कुछ समय पहले जूलियो एनसिसो शानदार अंदाज में बराबरी करने के करीब पहुंच गए, लेकिन डेविड राया ऊपरी-बाएँ कोने से अपनी डिपिंग स्ट्राइक को दूर करने में सक्षम थे। आर्सेनल ने 62वें मिनट में राया के अच्छे काम की गिनती की - जोर्जिन्हो ने बाइलाइन पर पहुंचकर हैवर्ट्ज के लिए गोल किया, जिसने विधिवत रूप से टक इन किया।

## इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के लिए सोफी डिवाइन की न्यूजीलैंड टीम में वापसी

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सोफी डिवाइन हैमिल्टन में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच में बतौर कप्तान वापसी करेंगी।

डिवाइन क्वाड स्ट्रेन के कारण इंग्लैंड दौरे के आखिरी तीन मैचों में नहीं खेल पाईं लेकिन हैमिल्टन में फिटनेस टेस्ट पास करके न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल हो गईं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने एक आधिकारिक बयान में कहा, सोफी के नेतृत्व करने से टीम आत्मविश्वास से भर जाएगी। जब भी सोफी अनुपलब्ध होती है तो टीम उन्हें बहुत मिस करती है, इसलिए हम उन्हें वापस लाने में सक्षम होने से खुश हैं।

हालाँकि, जैसे ही डिवाइन वापस लौटीं, दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण के



दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सलामी बल्लेबाज बर्नडाइन बेजुइडेनहॉट को रविवार के मैच से बाहर कर दिया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए बेजुइडेनहाउट बल्लेबाजी करने नहीं आईं। बेजुइडेनहाउट के एक स्कैन रिपोर्ट में ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग तनाव का पता चला जिसके लिए थोड़े समय के पुनर्वास की आवश्यकता होगी।

सॉयर ने कहा, हम बर्नी के लिए निराश हैं, जो पहले ही इस गर्मी में चोट की चुनौतियों का सामना कर चुकी हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगी क्योंकि हम क्रिकेट की व्यस्त सर्दियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ईडन कार्सन को बेजुइडेनहाउट के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया है, जबकि मिकाएला ग्रेग अतिरिक्त कवर के रूप में शामिल होंगी। तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 2-0 से आगे है।

## आईपीएल करियर में आरआर के कप्तान संजू सैमसन ने 4,000 रन पूरे किए

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 4,000 रन पूरे किए और ऐसा करने वाले 16वें खिलाड़ी बन गए। सैमसन ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम के आईपीएल मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। खेल में, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ आक्रमण करते हुए 42 गेंदों में आठ चौकों और दो छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 164 से ज्यादा का रहा. अब 156 आईपीएल मैचों में सैमसन ने 29.89 की औसत और 137.73 की स्ट्राइक रेट से 4,066 रन बनाए हैं। उन्होंने 152 पारियों में तीन शतक और 22 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 119 है।

पहले 2013-15 और फिर 2018 के बाद से राजस्थान रॉयल्स के साथ कार्यकाल के अलावा, सैमसन दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी खेले हैं। सैमसन आईपीएल में आरआर के शीर्ष स्कोरर हैं. उन्होंने 128 मैचों में 30.53 के औसत और 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ दो शतक और 19 अर्द्धशतक के साथ 3,389 रन बनाए हैं।2016-17 तक दिल्ली के लिए, सैमसन ने 28 मैच खेले, जिसमें 27 से ऊपर की औसत और 127.26 की स्ट्राइक रेट से 677 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 19 अर्द्धशतक बनाए। आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली हैं। 242 आईपीएल मैचों में, विराट ने 38.27 की औसत और 130 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 7,579 रन बनाए हैं। उन्होंने 113* के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ आठ शतक और 52 अर्द्धशतक बनाए हैं।

## बाबा दीप सिंह हॉकी व बास्केटबॉल टूर्नामेंट: खालसा, हंसराज कॉलेज की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी व बास्केटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। हॉकी पुरुष वर्ग के उद्घाटन मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा और बास्केटबॉल में हंसराज कॉलेज ने जीत के साथ शुरुआत की।

हॉकी के उद्घाटन मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज इवनिंग को 19-0 से हराया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का अवार्ड खालसा कॉलेज के अरबाज को मिला।

एक अन्य मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज की एलुमनाई टीम ने किरोड़ीमल कॉलेज को 3-2 से हराया। इस मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनाई टीम के अजय राठी को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला



बास्केटबॉल पुरुष वर्ग में खालसा कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 67-42 से हराया। खालसा कॉलेज के प्रिंस को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनाई टीम ने हिंदू कॉलेज को 73-57 से हराया। इस मैच में श्री गुरु तेग बहादुर एलुमनाई टीम के खिलाड़ी बिट्टू को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

एक अन्य मुकाबले में हंसराज कॉलेज ने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 60-45 से हराया। इस मैच में हंसराज कॉलेज के नोदी को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

महिला वर्ग में गार्गी कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 40-20 से हराया। इस मैच में वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड गार्गी कॉलेज की खिलाड़ी श्रुति कसाना को मिला। एक अन्य मुकाबले में रामजस कॉलेज ने किरोड़ीमल कॉलेज को 35-23 से हराया। इस मैच में रामजस कॉलेज की खिलाड़ी कोमल को वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व हॉकी ओलंपियन हरपाल सिंह, दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव अशोक रंगीन और पीएसबी के एडवाइजर ललित कुमार वत्स ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता खालसा कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर सुरेंद्र कौर ने की।

## आरसीबी के खिलाफ जीत के बाद आरआर डीओसी संगकारा ने जायसवाल पर कहा, 'दो खराब पारियां किसी को बुरा नहीं बनातीं...'

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपनी टीम की छह विकेट से जीत के बाद, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा कि सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एक गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और उन्हें बस बल्लेबाजी करने की जरूरत है। लंबा।विराट कोहली का धमाकेदार शतक व्यर्थ चला गया क्योंकि जोस बटलर के तूफानी शतक ने शनिवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर छह विकेट से जीत दिलाने के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम को रोशन कर दिया। जीत के बाद, संगकारा ने मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान जायसवाल के बारे में कहा, जिन्होंने चार मैचों में 24 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ सिर्फ 39 रन बनाए हैं, -जायसवाल ने न केवल आरआर के लिए बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया है।- दो खराब पारियां किसी को भी बुरा खिलाड़ी नहीं बनातीं, हम उनकी गुणवत्ता जानते हैं और हम चाहते हैं कि वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करें, उनके योगदान के बिना इस लक्ष्य का पीछा करना अच्छा था।' आईपीएल में जायसवाल का खराब प्रदर्शन जनवरी-मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ अविश्वसनीय टेस्ट श्रृंखला के ठीक बाद आया है, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 712 रन बनाए, जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल थे। उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट यात्रा पिछले साल रॉयल्स के साथ आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद शुरू हुई, जो 14 मैचों में 48 से अधिक की औसत से एक शतक और पांच अर्द्धशतक के साथ 625 रन के साथ पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समाप्त हुई। संगकारा ने बल्लेबाज जोस बटलर की भी प्रशंसा की, जिन्होंने अपने 100वें आईपीएल मैच में नाबाद शतक बनाया। यह बटलर का छठा आईपीएल शतक था, जो लंबे संघर्ष के बाद आया। इस शतक से पहले, बटलर ने अपनी पिछली दस आईपीएल पारियों में सिर्फ 183 रन बनाए थे।

## 'बटलर दो दिनों से बीमार थे...': आरसीबी पर जीत के बाद आरआर के सहायक कोच बॉन्ड

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपनी टीम की छह विकेट से जीत के बाद, राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच शेन बॉन्ड ने बल्लेबाज जोस बटलर की सराहना की। अपने 100वें मैच में शतक से यह भी पता चला कि वह पिछले दो दिनों से बीमार थे। विराट कोहली का धमाकेदार शतक व्यर्थ चला गया क्योंकि जोस बटलर के तूफानी शतक ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर छह विकेट से जीत दिलाने के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम को रोशन कर दिया। बटलर के शतक पर, बॉन्ड ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, बटलर को फॉर्म में वापस आते देखना बहुत अच्छा है। हम सलामी बल्लेबाजों के ज्यादा योगदान के बिना गेम जीत रहे थे, लेकिन वे नेट्स में गेंद को अच्छी तरह से मार रहे थे। हम सभी जानते थे बॉन्ड ने कहा, यह उनके स्कोर करने से पहले की बात है।

# आरआर ने आरसीबी पर 6 विकेट से जीत दर्ज की

**जयपुर ।** विराट कोहली का तूफानी शतक व्यर्थ चला गया क्योंकि जोस बटलर के तूफानी शतक ने सवाई मानसिंह स्टेडियम को रोशन कर दिया, जिससे राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर 6 विकेट से जीत हासिल की। ) शनिवार को। अपने ऐतिहासिक 100वें आईपीएल मैच में बटलर के शतक ने रिकॉर्ड बनाने वाले कोहली की नाबाद 113 रन की पारी से सुर्खियां छीन लीं और आरआर को व्यापक जीत दिलाई। इस जीत के साथ, आरआर चार में से चार जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी के खिलाफ 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी गेंद पर ही शॉर्ट-ऑफ-ए-लेंथ गेंद पर यशस्वी जयसवाल का विकेट खो दिया। हालाँकि, कप्तान संजू सैमसन आक्रामक शॉट्स के साथ स्टार बल्लेबाज जोस बटलर के साथ शामिल हो गए। दोनों ने आरसीबी के गेंदबाजों पर दबाव बनाने के लिए डबल रन लेना जारी रखा।

बेहद आक्रामक फॉर्म में चल रहे बटलर ने मयंक डागर को 20 रन पर आउट कर दिया, क्योंकि उन्होंने आरसीबी के गेंदबाज को तीन चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने अपने ऐतिहासिक 100वें आईपीएल मैच का भरपूर फायदा उठाया और 30 गेंदों में अर्धशतक बनाकर अपनी फॉर्म वापस पा ली, जबकि सैमसन



दूसरे छोर पर शांत और संयमित दिखे। डागर की गेंद पर छक्का जड़कर सैमसन ने 33 गेंदों पर अपना अर्धशतक भी पूरा किया। दोनों ने शतकीय साझेदारी करके आरआर को पटरी पर ला दिया।

इसके बाद मोहम्मद सिराज ने खतरनाक दिख रहे सैमसन को 69 रन पर आउट कर 148 रन की साझेदारी तोड़ी।इसके बाद रियान पराग बल्लेबाजी करने आए और बल्लेबाज ने चौका लगाकर अपनी पारी की शुरुआत की। हालाँकि, यश दयाल ने स्टार बल्लेबाज का 4 रन पर क्रीज पर रहना समाप्त कर दिया।

आखिरी ओवर में, जीत के लिए केवल एक रन के साथ बटलर को अपने शतक के लिए 6 रनों की आवश्यकता थी और बल्लेबाज ने 58 गेंदों में अपना उत्कृष्ट शतक पूरा करते हुए एक शानदार छक्का लगाया, जिससे आरआर को छह विकेट से जीत मिली। इससे पहले, 'पिंक सिटी' जयपुर में बल्लेबाजी के उस्ताद कोहली के कुछ करारे शॉट देखने को मिले, जो आईपीएल में 7,500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। बल्लेबाजी के उस्ताद ने 72 गेंदों में नाबाद 113 रन बनाए, जबकि कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 44 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोहली ने आक्रामक रुख के साथ अपनी पारी की शुरुआत की और दूसरे ओवर में नांद्रे बर्गर पर दो चौके लगाए। कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व किया और नियमित अंतराल पर चौके लगाए। खेल के छठे ओवर में दोनों ने 50 रन की साझेदारी की। फाफ डु प्लेसिस ने 9वें ओवर में ट्रेंट बोल्ट को दो छक्कों की मदद से 15 रन पर आउट कर दिया।

खेल के 11वें ओवर में कोहली ने जोरदार छक्के के साथ अपना शानदार अर्धशतक और सीजन का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। आरसीबी के सलामी बल्लेबाजों ने 12वें ओवर में 100 रन की साझेदारी भी पूरी की। युजवेंद्र चहल ने आखिरकार अपनी टीम को सफलता दिलाई क्योंकि उन्होंने आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को आउट किया, जो 33 गेंदों में 44 रन बनाकर 14वें ओवर के अंत में कैच आउट हुए। पिछली गेंद पर चहल ने डु प्लेसिस का विकेट छीन लिया जब ट्रेंट बोल्ट ने डीप एक्स्ट्रा कवर के पास उनका कैच छोड़ दिया।

ग्लेन मैक्सवेल का बल्ले से खराब प्रदर्शन जारी रहा और 15वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। खेल के 19वें ओवर में, कोहली ने अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ 67 गेंदों पर आईपीएल 2024 में अपना पहला और आईपीएल में कुल 8वां शतक पूरा किया, जिसके बाद उनका पारंपरिक जश्न मनाया गया।

आखिरी ओवर में, कोहली ने स्कोरबोर्ड को चालू रखा और अवेश खान पर तीन चौके लगाकर आरसीबी का कुल स्कोर 20 ओवर में 183/3 कर दिया।

## भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया अगस्टा बर्थ से एक राउंड दूर

**सैन एंटोनियो।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया आखिरी मिनट में अगस्टा मास्टर्स में जगह बनाने और दूसरे पीजीए टूर खिताब की राह पर बने रहे, क्योंकि उन्होंने टेक्सास ओपन में 54 होल के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली है। भाटिया ने टीपीसी सैन एंटोनियो में अपने आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर 4-अंडर 68 का कार्ड खेला और अंतिम राउंड में जाने से पहले डेनी मैक्कार्थी पर चार शॉट की बढ़त बना ली, क्योंकि वह मास्टर्स में अंतिम स्थान पाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका स्कोर 15-अंडर 201 है। मैक्कार्थी के बाद, बढ़त के अगले निकटतम खिलाड़ी ब्रेंडन टॉड थे, जिन्होंने 70 का स्कोर किया और सात शॉट पीछे थे।मैक्कार्थी एकमात्र खिलाड़ी थे जो 22 वर्षीय भाटिया के करीब रहे। बैक नाइन के मध्य में चार होल वाले स्ट्रेच में उनकी तीन बर्डी से उन्हें मदद मिली। वैलेरो टेक्सास ओपन में भाटिया की बढ़त 20 साल में सबसे बड़ी है। 'रेस माई रेस' संदेश के साथ भाटिया, जिन्होंने एक मनोवैज्ञानिक के साथ काम किया था, मानसिक खेल पर अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

# आईपीएल 2024 से बाहर हुए श्रीलंका के लेग स्पिनर हसरंगा

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के लेग स्पिनर वनिंदु हसरंगा बाएं पैर की एड़ी में दर्द की समस्या के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। हसरंगा अभी तक हैदराबाद की टीम से नहीं जुड़े थे और ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि श्रीलंका क्रिकेट ने बीसीसीआई को उनके इस सीज़न में उपलब्ध नहीं रहने की जानकारी दी है। हसरंगा की जगह अभी तक विकल्प की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन पता चला है कि हैदराबाद इस बारे में सोच रही है।

मार्च में बांग्लादेश में श्रीलंका के लिए सीमित ओवर सीरीज़ खेलने के दौरान उनकी बायीं एड़ी में दर्द की समस्या हुई थी जिसका श्रीलंका क्रिकेट के मेडिकल स्टाफ़ ने इलाज किया था। श्रीलंका क्रिकेट से आईपीएल में खेलने की इजाज़त मिलने से पहले वह विशेषज्ञ से सलाह लेने विदेश जाने वाले थे। हैदराबाद के प्रमुख कोच डेनियल वेटोरी ने गुरुवार को कहा कि हसरंगा ने दुबई में विशेषज्ञ से सलाह ली है, जिसके बाद उनके टूर्नामेंट से नाम वापस लेने की खबर बाहर आई। हसरंगा को हैदराबाद ने दिसंबर में हुई नीलामी में 1.5 करोड़ में ख़रीदा था। इससे पिछले सीज़न वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा थे, जिन्हें 2022 की नीलामी में 10.75 करोड़



में ख़रीदा गया था। 2022 सीज़न उनका शानदार गया था जहां पर उन्होंने 7.54 की इकॉनमी से 26 विकेट लिए थे लेकिन 2023 में वह केवल आठ ही मैच खेलकर 8.9 की इकॉनमी से नौ ही विकेट ले पाए थे।1 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज़ में होने वाले टी20 विश्व कप में हसरंगा श्रीलंका की टीम का अहम हिस्सा होंगे, अगर वह टूर्नामेंट तक ठीक हो पाते हैं। इस माह की शुरुआत में हसरंगा को श्रीलंका की बांग्लादेश के ख़िलाफ़ हुई टेस्ट सीरीज़ से सस्पेंड कर दिया गया था, क्योंकि बांग्लादेश के ख़िलाफ़ तीसरे वनडे में उन्हें 2.8 आर्टिकल का उल्लंघन करने की वजह से आठ डिमेरिट अंक मिले थे। इसी बीच उन्होंने टेस्ट संन्यास वापस ले लिया था, अगर वह ऐसा नहीं करते तो उन्हें टी20 विश्व कप के कुछ मैचों से चूकना पड़ता। श्रीलंका क्रिकेट ने हालांकि बयान जारी कर कहा था कि हसरंगा ने टी20 विश्व कप मैचों से चूकने की वजह से टेस्ट संन्यास वापस नहीं लिया था। उन्होंने कहा था कि 16 मार्च को हसरंगा ने ईमेल लिखकर टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने की बात कही थी क्योंकि उनका फ़िटनेस स्तर सुधर चुका था।

## आईएसएल 2023-24 में बेंगलुरु एफसी आज शाम ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेगी

**कोलकाता।** बेंगलुरु एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में रविवार को शाम 7:30 बजे साल्ट लेक स्टेडियम में ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेगी। ब्लूज़ और रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड अंक तालिका में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं। बेंगलुरु एफसी के 20 मैचों में 22 अंक हैं (पांच जीत, सात ड्रॉ और आठ हार के साथ), जबकि ईस्ट बंगाल एफसी के पास इतने ही मैचों में पांच जीत, छह ड्रॉ और नौ हार के साथ 21 अंक हैं। आईएसएल की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वे छठे स्थान पर मौजूद चेन्नईयिन एफसी (24) की गर्दन नीचे कर रहे हैं, और मरीना मचान्स ने भी 20 मुकाबलों में भाग लिया है।जेरार्ड ज़ारागोज़ा की कोचिंग वाली टीम ने अपने पिछले गेम में ओडिशा एफसी के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला था। दूसरी ओर, ईस्ट बंगाल एफसी ने कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स एफसी को 4-2 से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में वापसी की। यह उनके पिछले पांच मैचों में केवल दूसरी जीत थी, जबकि बेंगलुरु एफसी काफी समय से शीर्ष छह के आसपास मंडरा रही है। वे अपने आखिरी दो मैचों में कोलकाता की दो टीमों, यानी ईस्ट बंगाल एफसी और मोहन बागान सुपर जाइंट से खेलेंगे, और इसलिए प्लेऑफ़ में जगह बनाने की अपनी क्षमता का परीक्षण करने के लिए उनके सामने एक कठिन चुनौती है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नववर्ष का प्रारंभ करेंगे काशीवासी

टीम एक्शन इंडिया

**वाराणसी:** प्रतिपदा विक्रम संवत-2081 के पहले दिन मंगलवार (09 अप्रैल) को संस्कार भारती, काशी महानगर एवं भृगु योग (ब्रह्म चिन्ता प्रणाली) ट्रस्ट की ओर से शिवालाघाट पर नव संवत्सर अभिसिंचन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सुबह पांच बजे धेय गीत (नृत्य) होगा, प्रातः 5:15 प्रभाती गायन, प्रातः 5:40 सूर्य अर्ध्यदान कर नव संवत का स्वागत वेद पाठ, डमरू वादन, शंख वादन, लोक नृत्य से किया जाएगा। रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्कार भारती, काशी महानगर के अध्यक्ष डॉ. केए चंचल, ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जयन्त कुमार भादुड़ी, नव संवत्सर कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष डॉ. आर. वी. शर्मा ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश का नवसंवत्सर पाथेय के बाद वन्देमातरम् गायन के साथ समापन होगा। पदाधिकारियों ने बताया कि नव संवत्सर के पहले दिन सम्पूर्ण भारत में प्रतिवर्ष लगभग एक हजार संस्कार भारती की इकाइयां कार्यक्रम आयोजित करती है। नव संवत्सर का यह कार्यक्रम काशी में सन 2000 से लगातार किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में नया साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है। भारतीय काल गणना के अनुसार वर्ष का प्रथम दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा वह पुनीत दिवस है। जब सृष्टि का आरम्भ एवं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। प्राचीन काल से ही नव संवत्सर का स्वागत हम चैत्र नवरात्र के रूप में शक्ति की उपासना और आध्यात्मिक उत्कर्ष के संकल्प के द्वारा करते आये हैं। उन्होंने बताया कि नव संवत्सर की यह अवधारणा अक्षुण बनी रहे, इस दृष्टि से संस्कार भारती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी आनुषांगिक संगठन तथा अन्य हिन्दू संगठन विभिन्न सांस्कृतिक-धार्मिक आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति के इस गौरवपूर्ण क्षण और सृष्टि के आरम्भ के उत्सव में परिवार सहित नयी पीढ़ी को भी शामिल होना चाहिए।

## मेरी लड़ाई हरीश रावत से नहीं: त्रिवेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के हरिद्वार लोकसभा उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत रावत ने कहा,"मेरी लड़ाई व्यक्तिगत तौर पर हरीश रावत से नहीं विचारधारा और मुद्दों से रही है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को मिलकर भेदेंगे।" बालावाला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा,"मेरी लड़ाई व्यक्तिगत तौर पर कभी किसी भी नेता से चाहे वह हरीश रावत हों या एसपी सिंह, उनसे नहीं रही। उनकी लड़ाई विचारधारा और मुद्दों से रही है। आज भी वह इस लड़ाई को लड़ रहे हैं।" उन्होंने कहा कि आज देश की मजबूती के लिए चाहे वह किसान संगठन, सामाजिक संगठन या वर्गीय संगठन हों, सभी भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव अब एकतरफा दिखाई दे रहा है। आज भारत की अंतर चेतनाएं जागृत हुई हैं। भारत करवट बदल रहा है और अपने असली स्वरूप की ओर जा रहा है।

सनातन की परंपरा आज उन्हें अंदर से कहीं ना कहीं कर रही है और उत्प्रेरित कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है।

# अंसारी परिवार अब बने आंख के तारे...

**ओवैसी से लेकर अखिलेश तक का मुख्तार के घर आना व परिजनों से भेंट करते हुए कब्र पर फूल चढ़ाना चुनावी हथकंडा है**



टीम एक्शन इंडिया

**गाजीपुर/मऊ:** बांदा जेल में हार्ट अटैक आने के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से ओवैसी से लेकर अखिलेश यादव तक का मुख्तार अंसारी के घर आना व परिजनों से भेंट करते हुए कब्र पर फूल चढ़ाना मुख्तार अंसारी परिवार के राजनैतिक प्रभाव को भी साबित करता नजर आने लगा है। कभी मुख्तार के नाम पर अखिलेश ने शिवपाल को नाराज कर दिया था, जिससे खुद की पार्टी में दो फाड़ हो गई थी। वही आज खुद अखिलेश ने मुख्तार की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। इस दौरान अखिलेश यादव द्वारा मुख्तार के मौत को असामान्य बताते हुए हत्या और साजिश बताया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज के निगरानी में जांच की मांग भी उठाई। बातचीत के दौरान पत्रकारों द्वारा 2016-17 में अखिलेश यादव के अंसारी परिवार के प्रति नाराजगी के सवाल उठाए जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति हमेशा वर्तमान परिस्थिति में होती है।

वर्ष 2017 विधानसभा चुनाव को याद करें तो शिवपाल यादव की अंसारी परिवार से काफी नजदीकियां देख अखिलेश यादव बौखला गए थे। उस समय उन्होंने सरेआम बयान देते हुए कहाकि समाजवादी पार्टी किसी अपराधी को टिकट नहीं देगी। विवाद इतना अधिक बढ़ गया था कि शिवपाल यादव को सपा छोड़ नई पार्टी बनानी पड़ी थी।

तब मुख्तार अंसारी का परिवार भी समाजवादी पार्टी में शामिल नहीं हो पाया था और उन्हें बसपा की शरण लेनी पड़ी थी। उस चुनाव में पूर्वांचल में सपा की करारी हार के बाद अखिलेश यादव को अंसारी परिवार के राजनीतिक ताकत का अंदाजा हआ। उसके बाद 2019 लोकसभा चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के तहत मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी गाजीपुर से बसपा के तरफ से लोकसभा प्रत्याशी बने थे। तब भी अखिलेश यादव अफजाल के पक्ष में जनसभा करने काफी ज्यादा जद्दोजहद के बाद पहुंचे थे उस समय भी वह अंसारी परिवार से अपनी दूरियां दिखा रहे थे। लेकिन तब तक उन्हें अंसारी परिवार के रसूख का अंदाजा हो गया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश ने गाजीपुर की मोहम्मदाबाद विधानसभा से मुख्तार के भतीजे शोएब अंसारी "मन्नू" को सपा से वहीं मुख्तार के बड़े बेटे अब्बास अंसारी को मऊ जनपद की सदर सीट से अपने गठबंधन सुभासपा का प्रत्याशी बनाया। जबकि सबसे बड़ी बात यह की लोकसभा 2024 में अफजाल अंसारी के बसपा सांसद रहते हुए ही अखिलेश यादव ने उन्हें सपा द्वारा गाजीपुर लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर दिया।

**परिस्थिति**

> 8 मुख्तार के नाम पर अखिलेश ने शिवपाल को नाराज कर दिया था, जिससे खुद की पार्टी में दो फाड़ हो गई थी

अब मुख्तार की मौत के बाद वह अंसारी के घर संवेदना प्रकट करते नजर आए। अंसारी परिवार के अगर राजनीतिक ताकत की बात करें तो पूर्वांचल के गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, बलियां, लालगंज, आजमगढ़ सहित आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सीधा प्रभाव है। वहीं खुद मुख्तार अंसारी 2009 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी संसदीय सीट से मुरली मनोहर जोशी से बहुत कम अन्तर से चुनाव हारे थे।

## ममता बनर्जी ने पार्टी नेताओं को दी नसीहत



टीम एक्शन इंडिया

**पुरुलिया: मुख्यमंत्री ममता** बनर्जी ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को रामनवमी के अवसर पर शांति मार्च आयोजित करने की सलाह दी है। रविवार को पुरुलिया जिले के हुड़ा इलाके में तृणमूल उम्मीदवार शांतिराम महतो के समर्थन में रैली करते हुए ममता बनर्जी ने शंकर जताई कि रामनवमी के दिन भाजपा राज्य में और अशांति फैला सकती है। ऐसे में उन्होंने पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें जो करना है करने दीजिए, लेकिन आप लोग किसी बहकावे में मत आना। अगले दिन आपलोग शांति मार्च करिए ताकि उन्हें भी पता चले कि तृणमूल बंगाल में शांति बनाए रखती है।

उल्लेखनीय है कि तृणमूल सुप्रीमों ममता बनर्जी अपने प्रचार अभियान में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जिलों में जनसभाएं कर रही हैं। उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने रविवार को जंगल महल इलाके के पुरुलिया में चुनाव प्रचार शुरू किया।

## सेमीफाइनल में भिडेंगी जेजेटी और संबलपुर यूनिवर्सिटी



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली/झुंझुनूं**

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) टूनामेंट में सात दिन तक चले लीग मुकाबलों के बाद अपने-अपने पूल में टॉप पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं और संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर के बीच खेला जाएगा। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के बैनर के नीचे श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप लीग मुकाबलों से नॉक आउट दौर में प्रवेश कर गई है। पूल ए में मेजबानी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने दो मैच जीतकर व एक मैच में वॉकओवर हासिल कर पहले स्थान पर रही और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

**रोमांचक होगा मैच**

> 8 शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला जाएगा दूसरा सेमीफाइनल

पूल बी में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई, संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने अपने-अपने लीग के दो-दो मैच जीत कर बराबर अंक अर्जित किए एवं रन रेट के मामले में संबलपुर यूनिवर्सिटी, संबलपुर ने बाकी दोनों यूनिवर्सिटीज को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## जल जीवन मिशन की पाइप चोरी, 5 गिरफ्तार

**अमेठी:** मुंशीगंज थाने की पुलिस और एसओजी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जल जीवन मिशन की पाइप चुराने वाले 5 चोरों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 10 लाख रुपए मूल्य की 40 पाइप, 2 तमंचे, 4 जिंदा कारतूस, 2 डीसीएम और 2 कूटरचित बिल बरामद किए। मुंशीगंज थाने में 4 अप्रैल को ठेकेदार ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव-गांव बिछाई जा रही कास्ट आयरन की 50 पाइपों की चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। इन पाइपों को मुंशीगंज थाने के मनीरामपुर के मुसवापुर चौराहे से चोरी किया गया था । जिसके खुलासे के लिए थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया था।

## रामनवमी शोभायात्रा के परमिशन पर फंसा पेंच

टीम एक्शन इंडिया

**हुगली:** रामनवमी के शोभायात्रा के दौरान गत वर्ष रिषड़ा और श्रीरामपुर के कुछ इलाकों में हुए हिंसा के बाद इस वर्ष रिषड़ा-श्रीरामपुर में आगामी 17 अप्रैल को प्रस्तावित रामनवमी शोभायात्रा की अनुमति को लेकर पेंच फंस गया है। इस वर्ष प्रशासन रामनवमी की शोभायात्रा के लिए अनुमति देने को तैयार तो हुआ है लेकिन आयोजकों के सामने प्रशासन ने शोभायात्रा का रूट बदलने की शर्त रखी है। रिषड़ा-श्रीरामपुर में आयोजित होने वाले रामनवमी शोभायात्रा पारंपरिक तौर पर श्रीकृष्णा नगर शिव मंदिर से शुरू होकर चार नंबर रेलवे फाटक होकर एनएस रोड होते हुए संध्या बाजार से जीटी होकर खाटीर बाजार होते हुए महेश जगन्नाथ मंदिर तक निकलती थी।



लेकिन इस वर्ष प्रशासन ने रामनवमी शोभायात्रा का नया रूट तय किया है। आयोजक इस नए रूट पर शोभायात्रा निकालने को तैयार नहीं है। रिषड़ा-श्रीरामपुर में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर इस बार प्रशासन और आयोजक आमने-सामने हैं। विशेष सूत्रों के अनुसार यदि रविवार शाम तक प्रशासन ने पारंपरिक रूट पर रामनवमी की शोभायात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी तो आयोजन सोमवार को कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा आएंगे। नाम न छापने की शर्त पर एक आयोजक ने कहा कि प्रशासन ने पता नहीं किसके दबाव में आकर रामनवमी शोभायात्रा के रूट को बदलने का निर्णय लिया है साथ में कई अन्य प्रकार की पाबंदियां भी लगाई हैं। हम लोग प्रशासन के सामने घुटने नहीं देखेंगे हमें अदालत पर भरोसा है। हम हाईकोर्ट जाएंगे। बहरहाल, श्रीराम के नाम से जाने जाने वाले शहर श्रीरामपुर के प्रशासन द्वारा रामनवमी शोभायात्रा के रूट परिवर्तन से स्थानीय लोगों में भी खासी नाराजगी है।

**मामला कोर्ट में**

> 8 शोभायात्रा के लिए अनुमति देने को तैयार तो हुआ है लेकिन प्रशासन ने शोभायात्रा का रूट बदलने की शर्त रखी



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किए रामलला के दर्शन।

## अररिया में भाजपा-आरजेडी में होगी दिलचस्प टक्कर



टीम एक्शन इंडिया

**फारबिसगंज/अररिया:** 2024 के लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है. पहले और दूसरे चरण के नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गई है वही, भाजपा, कांग्रेस और आरजेडी समेत सभी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए है और प्रचार प्रसार भी जोर शोर से शुरू कर दी गयी हैं. वही,लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने एक बार फिर एनडीए के साथ गठबंधन कर लिया है और नीतीश कुमार बीजेपी के साथ चुनाव लड़कर आरजेडी का खेल बिगाड़ने की तैयारी में जुट गए हैं. बिहार में एनडीए का सीट शेयरिंग भी तय हो चुका है, जिसकी घोषणा भी पूर्व में हो गई है और इसके साथ ही एनडीए में कौन सी पार्टी किस सीट से चुनाव लड़ेगी, ये भी तय कर लिया गया है. वहीं, दो चरणों का नामांकन प्रक्रिया भी पूरी हो गई है तीसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू हो जायेगी वहीं, बिहार की अररिया लोकसभा सीट बीजेपी के खाते में आई है यहां तीसरे चरण में 7 मई को चुनाव होने है । आपको बता दें कि अररिया जिले के बाद नेपाल की सीमा शुरू हो जाती है। ब्रिटिश राज के दौरान यह इलाका जिला कलेक्टर और नगरपालिका आयुक्त अलेक्जेंडर जॉन फोर्ब्स के प्रशासन के अधीन था। जहां पर जॉन फोर्ब्स का बंगला था और उस जगह को रेज़िडेन्शियल एरिया के रूप में जाना जाता था। रेसिडेंशियल एरिया को संक्षेप में आर-एरिया भी कहा जाता था, जो समय के साथ बिगड़ कर अररिया हो गया।

## स्टेशन: ट्रेन में बम की अफवाह से हड़कंप

**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार को ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस के मुताबिक ट्रेन के एक यात्री ने सूचना दी कि ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में एक गठरी में संदिग्ध वस्तु है, जो बम भी हो सकती है। इसके बाद जीआरपी, आरपीएफ, बाराबंकी सीओ सदर, सीओ सिटी के साथ एडिशनल एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा फोर्स एवं बम डिस्पोजल स्क्वाड के साथ स्टेशन पहुंचे। टीम ने ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे की सघन तलाशी ली।

## प्रदेश की सुक्खू सरकार युवा विरोधी: भाजयुमो

टीम एक्शन इंडिया

**शिमला:** भाजपा युवा मोर्चा ने प्रदेश में कांग्रेस की सत्तारूढ़ सुक्खू सरकार को युवा विरोधी करार दिया है। युवा मोर्चा ने कांग्रेस सरकार पर युवाओं से नौकरियों का झूठा वायदा करने का आरोप लगाया है। मोर्चा का कहना है कि जब विधानसभा का चुनाव चल रहा था तब युवाओं को लेकर इस सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे और अब एक भी वादा पूरा होता नहीं दिख रहा हैं। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने रविवार को एक बयान में कहा कि प्रदेश का युवा ठगा हुआ



महसूस कर रहा है, इतना ठगा हुआ कि वह हताश होकर नौकरियों के इंतजार में है, पर कांग्रेस सरकार ने एक भी नौकरी युवाओं को देने का प्रयास नहीं किया है। यहां तक कि जो रोजगार के अवसर पूर्व की भाजपा सरकार खोल के गई थी उसको भी बंद कर दिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओ ने चुनाव में क्या कहा था "जब हम सत्ता में आएंगे तो प्रदेश की पहली कैबिनेट में एक लाख और 5 साल में 5 लाख नौकरी हे देंगे", पर यह सारे वादे तो मुंगेरीलाल की हसीन सपने ही रह गए। ऐसा संभव हुआ ही नहीं और केवल मात्र हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री ने अपने मित्रों को नौकरी दी वह भी बड़े-बड़े कॉन्ट्रैक्ट पर। एक नौकरी 2.5 लाख प्रति माह पर, वहा री कांग्रेस सरकार यह कैसी दोस्ती। उन्होंने कहा कि खुद तो मुख्यमंत्री ऐसे भाषण दे रहे हैं जैसे वह युवा कांग्रेस के प्रधान हैं, पर युवाओं के बारे में सोच नहीं पा रहे हैं।

## कश्मीर पुलिस ने महिला स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को तैनात किया

टीम एक्शन इंडिया

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लोकसभा चुनावों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए महिला स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) को तैनात किया है। महिला एसओजी की विशेष रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का एक समूह जम्मू शहर में सक्रिय है, जो सभी गतिविधियों पर निगरानी रख रहा है। पुलिस के अनुसार स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को जंगल युद्ध, आतंकवाद विरोधी अभियान, राजमार्ग पर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए तीन महीने का कठोर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें विशेष बुलेटप्रूफ वाहन मुहैया कराए गए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस की महिलाएं अपने पुरुष समकक्षों से किसी भी तरह पीछे नहीं हैं और उनके साथ मिलकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ रही हैं। जम्मू जिले में 11, सांबा और रियासी जिलों में तीन-तीन और राजौरी जिले में एक विधानसभा क्षेत्र है। इन 18 विधानसभा क्षेत्रों में फैले पूरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पुलिस और अर्धसैनिक बलों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है, जिसमें शामिल है।

**तैनाती**

> 8 महिला एसओजी की विशेष रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का एक समूह जम्मू शहर में सक्रिय है

लोकसभा क्षेत्र में 17.68 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत है, जहां कुल 23 उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के लिए कुल 2,416 मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**पहल** डॉक्टर सेठ विवेक कुमार ने आगे आकर बच्चों के जीवन में शिक्षा का दीप जलाने की कोशिश की है।

## शिक्षा से वंचित गरीब बच्चों के लिए "डिप्टी कमिश्नर" ने उठाया बीड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**हरदोई:** इंसान के सामाजिक विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। लेकिन संसाधनों की कमी और माता-पिता के अशिक्षित होने के कारण कई नौनिहाल स्कूल की दहलीज तक नहीं पहुंच पाते। आसपास छोटे-मोटे काम कर पेट पालने वाले लोगों के बच्चों को भी स्कूल नसीब नहीं होता है। समाजसेवी व व्यापारी सेठ महेश प्रसाद ,उनके बड़े पुत्र डिप्टी कमिश्नर जीएसटी बाराबंकी सेठ विकास कुमार, डॉक्टर सेठ विवेक कुमार ने आगे आकर बच्चों के जीवन में शिक्षा का दीप जलाने की



कोशिश की है। ग्राम गदनाहिया मिंडा पुरवा मे गरीब बच्चों को नवोदय विद्यालय की निशुल्क कोचिंग सेंटर तीन वर्षों से चल रही है। जिसमें गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ अन्य सेवा भी प्रदान किए जाते है। लगभग 20 से अधिक गरीब बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है। कोचिंग सेंटर में पड़कर तमाम बच्चों ने नवोदय में भी प्रवेश ले चुके हैं।इस सराहनीय कदम की चर्चा क्षेत्र के कोने-कोने में हो रही है।जिसमें गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, किताब, कलम और समय-समय पर निशुल्क खाद्य पदार्थों का वितरण किया जाता है। इन बच्चों के माता-पिता भी बच्चों को शिक्षा दिए जाने से संतुष्ट हैं।

**कोचिंग सेंटर**

> 8 गरीब बच्चों को नवोदय विद्यालय की निशुल्क कोचिंग सेंटर तीन वर्षों से चल रही है।

उनका कहना है कि बच्चों को स्कूल भेज पाना संभव नहीं है। अगर बच्चे पढ़ना लिखना भी सीख पाए तो उनके लिए जीवन की राह आसान होगी। बाराबंकी जिले में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी विकास कुमार सेठ बताते हैं कि कहीं न कहीं क्षेत्र में जो गरीब बच्चे हैं। उनकी परेशानी हम लोग देखे थे।